


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 200 | कोरबा, रविवार, दिनांक 21 अप्रैल 2024 डाक 22 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
नांदेड़ में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे



**देश-विदेश**
स्कीम लाने की हमारी कोई योजना नहीं, चुनावी बॉन्ड पर छिड़े विवाद के बीच वित्त मंत्री ने किया साफ



**फीचर पेज**
गर्मियों में आरामदायक और ट्रेंडी दिखने के लिए वॉर्डरोब में शामिल करें ये फुटवियर्स



## रांची में आज इंडी गठबंधन का महाजुटान हेमंत और केजरीवाल की पत्नी रहेंगी मौजूद

**रांची, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

झारखंड की राजधानी रांची में आज इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली होने वाली है। इस रैली में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजद के लालू प्रसाद, एनसी के फारूक अब्दुल्ला, सपा के अखिलेश यादव और जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित 14 राजनीतिक दलों के नेता शामिल होंगे। इसे इंडी गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा सकता है, रैली का नेतृत्व रांची के प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) करेगा। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ब्लॉक नेताओं ने दावा किया कि रैली को 28 पार्टियों का समर्थन प्राप्त है और राज्य भर से पांच लाख से अधिक लोग इसमें हिस्सा लेंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शनिवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली के दौरान केंद्र के तानाशाही दृष्टिकोण का खुलासा किया जाएगा। चंपई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद झामुमो ने उनके लिए न्याय की मांग को लेकर राज्य भर में न्याय यात्रा निकाली। हमें तानाशाही को रोकने और अपने लोकतंत्र और संविधान को बचाने की जरूरत है। झारखंड और दिल्ली में क्या हुआ, सब जानते हैं। हम मेगा रैली में केंद्र के तानाशाही रवैये का पर्दाफाश करेंगे। रविवार सुबह रांची पहुंचने के बाद शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मेरा संदेश बहुत स्पष्ट है कि हम भाजपा की बढ़ती निरंकुशता के खिलाफ इस लड़ाई में एक साथ हैं। वे विपक्ष को ठीक से काम नहीं करने दे रहे हैं। वे जो करने की कोशिश कर रहे हैं वह विपक्ष को चुप कराना है। हम महंगाई की ऊंची दर, बेरोजगारी और महिलाओं को सुरक्षित माहौल नहीं मिलने को देख रहे हैं।



## बंगाल, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र में बुरा हाल, पांच दिन गंभीर

### कई क्षेत्रों में भीषण जल संकट का खतरा



**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

देश के कई राज्य प्रचंड गर्मी से तप रहे हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के साथ ही उसके साथ के लगते तराई वाले राज्यों को छोड़कर पूर्वी, मध्य और दक्षिण भारत के कम से कम 15 राज्य प्रचंड गर्मी और लू की चपेट में हैं। सुबह के 10 बजते ही दोपहरी जैसी गर्मी महसूस होने लग रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के गंगा तट के इलाकों, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों के कई क्षेत्रों में अधिकतम पारा 42-45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। अगले पांच दिन और अधिक गर्मी का सामना करना पड़ेगा और तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक ही वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

कई राज्यों में अप्रैल से जून की अवधि में 20 दिनों तक लू चलने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अगले पांच दिनों के लिए लू और गर्मी का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल, उत्तरी रायलसीमा, मध्य ये इलाके भयंकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गर्मी की चपेट में विदर्भ, मराठवाड़ा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, तेलंगाना, ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

### हाथियों ने ग्रामीण को कुचलकर मार डाला, लोगों में आक्रोश

**गढ़वा।** झारखण्ड में गढ़वा जिले के चिनियां वन क्षेत्र मे एक बार फिर जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला है। चिनियां थाना क्षेत्र के चिरका टोला मे एक दर्जन से अधिक हाथियों का झुण्ड अचानक आ धमका, जिसके बाद गांव मे अफरा तफरी मच गई। लोग जान बचा कर भागने लगे तभी महुआ चुन रहे दशरथ सिंह नामक एक व्यक्ति हाथी के सामने आ गया जिसे हाथी ने अपने पैरों तले कुचल दिया। वन विभाग ने तत्काल सहायता के रूप मे दस हजार रूपए की आर्थिक मदद की, जबकि मुआवजा के लिए आश्वासन दिया, लेकिन हाथी भगाने पर चुप्पी साध गए।

## बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन, मुठभेड़ में एक को किया ढेर

**बीजापुर, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर के केशकुतुल इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ होने की बात सामने आई है। मुठभेड़ में एक नक्सली को पुलिस ने ढेर कर दिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास एक जंगल में सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोलीबारी हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित केशकुतुल-केशमुंडी जंगलों में नक्सलियों के डिवीजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पंडारू और 15-20 अन्य कैडरों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से एक नक्सली का शव, एक हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। पुलिस के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में इस साल अब तक 80 नक्सली मारे गए हैं। इस मुठभेड़ से पहले सुकमा में दो इनामी सहित तीन नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

इसमें आत्मसमर्पित महिला नक्सली पूर्व में एसजेडसीएम बारसे देवा की गार्ड रही है। समर्पण करने वालों में एक लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष कवासी हुंगा (42 वर्ष), नुप्पो भीमा मिलिशिया डिप्टी कमांडर शामिल है। यह तीनों आरोपितों ने 20 अप्रैल को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय नक्सल आप्स सुकमा व कीरत सिंह बोपाराय, सहायक कमांडेंट 74 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

### रायपुर शहर में आज मांस-मटन की दुकानें बंद

**रायपुर 21 अप्रैल।** महावीर जयंती के अवसर पर 21 अप्रैल को शहर में मांस-मटन की दुकानों के साथ ही पशुवध गृह बंद रखे जाएंगे। नगर निगम द्वारा इसकी सूचना मांसाहार विक्रेताओं को दे दी गई है। यह पर्व जैन धर्म के अंतिम व 24वें तीर्थंकर स्वामी महावीर को समर्पित है।

## बाहुबली अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ी, बेऊर जेल प्रशासन ने इस अस्पताल में करवाया भर्ती



**पटना, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बेऊर जेल के डॉक्टरों की सलाह पर उन्होंने आईजीआईएमएस में भर्ती करवाया गया है। पुलिस अभिरक्षा में अनंत सिंह का इलाज चल रहा है। दरअसल, पूर्व विधायक की जेल में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें पेट में काफी दर्द हो रहा था। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच में पेट से जुड़ी कुछ बीमारी की बात सामने आई है। आईजीआईएमएस के डॉक्टरों की टीम पूर्व विधायक का इलाज कर रही है। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, अनंत सिंह को पहले से बीपी और डायबिटीज है। कुछ दिन पहले उन्हें तेज बुखार भी हुआ था। पेट से जुड़ी समस्या की शिकायत उन्होंने जेल प्रशासन से की। इसके बाद उन्हें जेल अस्पताल में भर्ती करवाया। जांच के बाद जेल अस्पताल के डॉक्टरों बेहतर इलाज के लिए पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती करवाया। कड़ी सुरक्षा में बीच आईजीआईएमएस में अनंत सिंह का इलाज चल रहा है। एके-47 और हैंड ग्रेनेड मामले में अनंत सिंह को दस साल की सजा हुई है। साथ ही अनंत सिंह के नौकर को भी दस साल की सजा सुनाई गई है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज त्रिलोकी नाथ दुबे की अदालत ने विधायक और एक अन्य अभियुक्त को 10-10 साल की सजा सुनाई है।

### झालावाड़ में भीषण सड़क हादसा

## तेज रफ्तार ट्राले ने बरातियों से भरी वैन को मारी टक्कर, 9 की मौत



**झालावाड़, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक दर्दनाक हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। बारातियों से भरी वैन को एक तेज रफ्तार ट्राले ने टक्कर मार दी, जिसमें एक साथ नौ लोगों की जान चली गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद वैन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर घायल हो अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार हादसा आज सुबह जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे का शिकार हुए लोग मध्यप्रदेश के डूंगरी से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर डुगरगांव लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 52 पर पचोला पास ट्राले ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि हादसा थाने से करीब 5 किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैन में फंसे घायलों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक घायल का इलाज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार हादसे में अकलेरा के रहने वाले अशोक कुमार (24) पुत्र घनश्याम बागरी, रोहित (16) पुत्र नंदकिशोर बागरी, हेमराज (33) पुत्र बंशीलाल बागरी, सोनू (22) पुत्र मोहनलाल बागरी, दीपक (24) पुत्र जयलाल बागरी, रविशंकर (25) पुत्र प्रेमचंद बागरी, रोहित (22) जगदीश बागरी और हरनावदा शाहजी (बारां) निवासी रामकृष्ण (20) पुत्र प्रेमचंद, सारौला (खानपुर, झालवाड़) निवासी राहुल पुत्र प्रेमचंद की हादसे में मौत हो गई।

### शहीद देवेंद्र सेठिया के अंतिम संस्कार के दौरान रोया पूरा गांव



***जगदलपुर।*** *धोबीगुड़ा के जिस घर में रहकर आरक्षक देवेंद्र सेठिया के आने पर आसपास के साथ ही लोगों में खुशी की लहर देखी जाती थी, शनिवार की सुबह उसी घर में जैसे ही आरक्षक देवेंद्र का पार्थिव शरीर पहुँचा सभी की आँखे नम हो गई। हर कोई आखरी बार देवेंद्र को देखना चाह रहा था, हर कोई उससे बात करने की कोशिश कर रहा था, कुछ माह पहले जब दियारी त्यौहार मना कर जा रहा था, तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि इसे आखरी बार देख रहे है, हमेशा हँसते मुस्कुराते आने वाला देवेंद्र घर के साथ ही पूरे गाँव के लोगों में आंसू देकर जाएगा।*

## बाबा रामदेव को फिर 'सुप्रीम' कोर्ट का लगा झटका, योग शिविर के लिए देना होगा सर्विस टैक्स

**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट से योग गुरु बाबा रामदेव को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें योग शिविर के लिए सर्विस टैक्स देने को कहा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने अपीलीय ट्रिब्यूनल के फैसले को बरकरार रखा है। जिसमें पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को आवासीय और गैर-आवासीय दोनों योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने के लिए सर्विस टैक्स का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया था।

जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि ट्रिब्यूनल ने सही कहा है कि शुल्क के लिए शिविरों में योग एक सेवा है। हमें उस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता। इसलिए अपील खारिज की जाती है।

## लॉरेंस बिश्नोई वांटेड आरोपी घोषित, सलमान खान के खिलाफ साजिश रचना वाले आरोपियों के खिलाफ मुबंई पुलिस का बड़ा एक्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट पर 14 अप्रैल की सुबह दो आरोपियों ने गोलीबारी की थी। इस वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस फायरिंग की जिम्मेदारी जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने ली। मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को इस सिलसिले में वांटेड आरोपी घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मामले में गिरफ्तार विक्की गुप्ता और सागर पाल कथित तौर पर दो बिश्नोई भाइयों से निर्देश प्राप्त कर रहे थे।

### खैबर पख्तूनख्वा में 13 और मौतें बाढ़ में अब तक 59 लोगों की गई जान, मरने वालों में 33 बच्चे

**खैबर पख्तूनख्वा 21 अप्रैल।** खैबर पख्तूनख्वा में 13 और लोगों की मौत की खबर सामने आई है। डॉन ने प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि एक ही दिन में लगभग दो दर्जन लोगों की मौत के साथ खैबर पख्तूनख्वा में गंभीर मौसम की स्थिति से मरने वालों की संख्या बढ़कर 59 हो गई है।

## तेजस्वी ने मंच पर कह दी ऐसी बात कि लोग लगाने लगे ठहाके, लालू के अंदाज में ले ली बीजेपी की चुटकी

**कटिहार, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**



चिलचिलाती धूप के बीच नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने बरारी के जागेश्वर उच्च विद्यालय के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से महागठबंधन के प्रत्याशी तारिक अनवर को वोट देने की अपील की। तेज धूप के बीच अपने पिता लालू यादव के अंदाज में बीच बीच में मजाकिया लहजे में भी भाषण देकर उमस भरी गर्मी में सुनने आए लोगों को कुछ देर तक के लिए बांधे रखा। उन्होंने कलम व तलवार पर अपने संबोधन मे कहा नौकरी मिलने से फट से शादी हो जाता है और फसाद करने वाले को जेल की हवा खानी पड़ती है।साथ ही थाने व वकील को भी चढ़ावा देना पड़ता है। जिससे कोई लड़की ऐसे लड़के से शादी करना पसंद नही करती है। वहीं, उनके चाचा नहीं पलटते तो दस लाख और नौकरी देते। भाजपा मे शामिल होने पर भ्रष्टाचार वाशिंग मशीन में धूल जाता है, कहते ही लोगों ने जमकर ठहाके लगाए।

वही ईडी से लालू नहीं डरे तो उसका बेटा क्या डरेगा के भाषण के अंदाज पर लोग ठहाके लगाते दिखे।उमस भरी गर्मी के कारण सभा स्थल पर भीड़ कम देखी गई। हेलीकॉप्टर के उतरते ही मैदान में लोगों की भीड़ जुटी।

तपती धूप के कारण आधे से अधिक मैदान खाली था। लोग मंच के आगे बने टेंट व पेड़ की छांव के नीचे भाषण सुनते नजर आए। इसके साथ, तेजस्वी ने मंच से फिर नौकरी की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारी बनती है तो हम 15 अगस्त से एक करोड़ नौजवानो को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे। रक्षा बंधन पर बहनों को एक लाख रुपये का गिफ्ट भी भेंट किया जाएगा।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## युवती से हैवानियत करने वाले आरोपी के मकान पर चला बुलडोजर, प्रेमजाल में फंसाकर की थी बर्बरता



**गुणा, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

गुणा के कैंट थानाक्षेत्र के नानाखेड़ी में लव जिहाद की शिकार युवती के साथ हुई हैवानियत के मामले में अब मोहन यादव सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सरकारी तंत्र की सुस्त कार्यशैली पर सवाल उठने के बाद अब आरोपी के अवैध मकान पर बुलडोजर चला दिया गया है। नानाखेड़ी क्षेत्र में रहने वाली एक 23 वर्ष की युवती को पहले तो पड़ोसी युवक अयान पठान ने प्रेमजाल में फंसाया। फिर उसका शोषण शुरु कर दिया। आरोपित युवती पर मकान उसके नाम करने का दबाव बना रहा था और उसे हड़पना चाहता था, लेकिन युवती की मां ने कह दिया कि उसने तो मकान बेच दिया है और शिवपुरी अपने रिश्तदारों के यहां चली गई।

# केंद्रीय विद्यालय गोपालपुर में आयोजित हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

## निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थी बने प्रतिभागी






कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज प्राचार्य श्रीमती संध्या लकड़ा के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 04 गोपालपुर में सुव्यवस्थित मतदाता एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वीप प्रभारी श्री अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालय में 09 अप्रैल से 24 अप्रैल तक विभिन्न प्रतियोगिता एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज संपन्न हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टैगोर सदन व द्वितीय स्थान पर रमन सदन रहा। इसी प्रकार 'लोकतंत्र की मजबूती मतदान जरूरी' विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मयंक खोसले, द्वितीय स्थान पर भूमि वर्मा एवं तृतीय स्थान पर शुभम पाटले रहे। विगत दिवसों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्साह पूर्वक प्रदर्शन किया गया।

शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में आज स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉक्टर फरहाना अली के मार्ग दर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई, उन्होंने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार मतदाताओं के शत- प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उन्हें प्रेरित व जागृत करने के उद्देश्य से 9 से 25 अप्रैल तक स्वीप मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम रखा गया है, जिसके अंतर्गत आज विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता रखी गई, निबंध का विषय मतदान आवश्यक क्यों ? अथवा स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्राचार्या ने बताया कि देश के विकास के लिए सभी भारतीय नागरिक को अपने वोट का निष्पक्ष इस्तेमाल करना चाहिए। स्वीप प्रभारी प्रभा साव ने बताया कि मतदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है, पर हमें मतदान निष्पक्ष रूप से करना चाहिए, किसी भी प्रकार की भ्रामक एवं लालसा से हमें बचना चाहिए। निबंध प्रतियोगिता में कुल 10 बच्चों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर कुमारी आरती, द्वितीय स्थान पर पीयूष तथा तृतीय कुमारी लक्ष्मी रही।

## सामान्य प्रेक्षक मीणा ने आईटी कॉलेज व मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



कोरबा । कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज एवं कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान पश्चात् रखे जाने वाले ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने एवं उनकी निगरानी के लिए सुनिश्चित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने उक्त स्थानों का निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, मतगणना कक्ष, मतपत्र मतगणना कक्ष सहित पूरे परिसर की समुचित व्यवस्था की जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मत पेटी वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैरीकेडिंग, गाड़ियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने एवं वितरण तथा मतगणना के दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने सामान्य प्रेक्षक श्री मीणा को दोनों स्थानों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सुविधाओं की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान 02 विधानसभाओं कोरबा एवं रामपुर हेतु मतदान सामग्री का वितरण आईटी कॉलेज झगरहा स्थित स्ट्रांग रूम से किया जाएगा एवं शेष विधानसभा कटघोरा व पाली तानाखार के लिए सामग्री वितरण कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त स्थानों में मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही सुरक्षा की भी पूर्ण इंतजाम किए जा रहे है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रेक्षक से आमनागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा (रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस)से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

# रेलगाड़ियों को निरस्त करने से नागरिक हो रहे परेशान

कोरबा। वैवाहिक सीजन में ट्रेनों के रद्द होने से परेशानी बढ़ गई है। पैसेंजर मेमू के बाद अब कोचुवेली को भी रद्द कर दिया गया है। सिकंदराबाद रेल मंडल के काजीपेट जं-कोंडापल्ली सेक्शन एवं विजयवाड़ा रेल मंडल के विजयवाड़ा -गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य होना हैं। इसके साथ ही नान इंटरलाकिंग कार्य के लिए कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रखने का निर्णय लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस 29 अप्रैल, 06, 15 एवं 18 मई को रद्द रहेगी। इसी तरह कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस 27 अप्रैल, 04, 16 एवं 20 मई को रद्द रहेगी।गर्मी में बच्चों के स्कूल में अवकाश होने के साथ यात्रा करने की तैयारी शुरू हो जाती है, पर रेल प्रबंधन द्वारा कतिपय कारणों से लगातार ट्रेनों को निरस्त कर रहा है, इससे यात्रियों को सफर करना मुश्किल होते जा रहा है। रेल प्रबंधन ने इस बार कोरबा से कोचुवेली चलने वाली द्विसासाहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को चार दिन निरस्त कर दिया है। वहीं कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। कोचुवेली ट्रेन निरस्त होने से यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होगी, क्योंकि यह ट्रेन 12 माह फूल चलती है और यात्रियों की प्रतीक्षा लंबी बनी रहती है।

## अमानत राशि के अभाव में नामांकन रद्द

कोरबा। लोकसभा प्रत्याशी चरण दास महंत का नामंकन निरस्त हो गया है। नामंकन निरस्त होने की खबर के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामंकन दाखिल करने वाले चरण दास महंत का नामंकन आज निरस्त हो गया है।सूत्रों की माने तो श्री महंत ने नामंकन के लिए अमानत राशि जमा नही किया था। वही उनके नामंकन में प्रस्तावकों के हस्ताक्षर नही थे। जिससे उनका नामंकन को निरस्त किया गया है।

## सी-विजिल ऐप से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की आम नागरिक कर सकते हैं शिकायत

कोरबा । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-विजिल का अर्थ सिटीजन विजिलेंस यानी नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

सी-विजिल मोबाईल ऐप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो-टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल-टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।

इसी तरह सभी विभाग प्रमुखों, उच्च शैक्षणिक संस्था के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि सी-विजिल के संबंध में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, राजनैतिक दलों, आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों, खेल संगठनों को इसके प्रयोग के संबंध में प्रशिक्षण देकर जागरूक किया जाए।

### सीटू के पदाधिकारियों से नेता प्रतिपक्ष ने की मुलाकात

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कांग्रेस को मजबूती के साथ केन्द्र में सरकार बनाने के लिए अपना अभियान जारी रखते हुए श्रमिक संगठन सीटू के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनकी बैठक ली।

## पिछले तीन लोकसभा चुनाव में विजयी प्रत्याशियों के मुकाबलें 49 चेहरों ने गवाई अपनी जमानत



कोरबा । लोकसभा क्षेत्र का सांसद बनकर क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा करने के उद्देश्य से अब हुए तीन चुनाव में 55 प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। इनमें तीन डॉ चरणदास महंत (वर्ष 2009),डॉ बंशीलाल महतो (वर्ष 2014) और ज्योत्सना महंत (वर्ष 2019) को जनता ने सांसद के रूप में जनप्रतिनिधि चुना, वहीं 49 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। केवल निकटतम तीन प्रतिद्वंदी अपनी जमानत सुरक्षित रखने में सफल रहे। डॉ चरणदास महंत का नाम कोरबा के प्रथम सांसद टी ज्योत्सना महंत का नाम प्रथम महिला सांसद के रूप में दर्ज हो चुका हैं।यहां यह भी उल्लेखनीय हैं कि अब तक हुए तीन चुनाव में पिछड़ा वर्ग का उम्मीदवार ही सांसद बनने में कामयाब रहा। जांजगीर लोकसभा से वर्ष 2009 में परिसीमन के बाद अलग हुए कोरबा लोकसभा में अब तक तीन चुनाव हुए हैं। चार जिले के आठ विधानसभा क्षेत्र इस लोकसभा में शामिल है। इस वजह से चारों जिले से प्रत्याशी मैदान में उतरते हैं और प्रत्याशियों की सूची लंबी हो जाती है।सात लाख 45 हजार 612 मतदाताओं ने मतदान किया। कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ चरण दास महंत को तीन लाख 14 हजार 616 वोट मिले। भाजपा की प्रत्याशी करुणा शुक्ला को दो लाख 93 हजार 879 वोट मिले और 20737 वोट से हार गईं। उन्हें कुल मत का 23.02 प्रतिशत मत मिला। इस चुनाव में केवल करुणा शुक्ला ही जमानत बचा पाई। शेष 16 प्रत्याशियों की जमानत जब्त शेष 16 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।

2009 में कोरबा लोकसभा के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने वाले गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के प्रत्याशी हीरा सिंह मरकाम को 2.58 प्रतिशत मिले, पर जमानत नहीं बचा पाए। 13 प्रत्याशियों को तो एक प्रतिशत वोट भी नहीं मिला। बात वर्ष 2014 की करें, तो प्रत्याशियों की संख्या बढ़कर 24 हो गई।

भाजपा के डॉ बंशीलाल महतो ने कांग्रेस के डॉ चरण दास महंत को हराया। इस चुनाव में भी 22 प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा सके। इसमें कई प्रत्याशी तो नोटा के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि गोंगपा प्रत्याशी हीरा सिंह मरकाम का मत बढ़कर 3.71 प्रतिशत पहुंच गया। 18 प्रत्याशी कुल मत का एक प्रतिशत वोट हासिल करने में असफल रहे।वर्ष 2019 के चुनाव में प्रत्याशियों की संख्या घट कर 13 हो गई। इस बार सीमित संख्या में प्रत्याशी मैदान में रहे और भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों का वोट प्रतिशत बढ़ गया। चुनाव जीतने वाली कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने पांच लाख 23 हजार 310 वोट हासिल किया, जो कुल मत 11 लाख 36 हजार 903 का 46.01 प्रतिशत रहा। निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी ज्योतिनंद दुबे को चार लाख 97 हजार 61 मत मिले । तीसरे स्थान पर गोंगपा के प्रत्याशी तुलेश्वर सिंह मरकाम रहे, जबकि चौथे नंबर पर 1.7 प्रतिशत मत के साथ नोटा रहा।

## पर्यावरण संरक्षण विभाग के अधिकारी ने खदान का दौरा किया



कोरबा। शनिवार को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर, अध्यक्ष , श्रीमती आर. संगीता ने कुसमुंडा ओ.सी. विस्तार परियोजना का दौरा किया। एसईसीएल निदेशक तकनीकी फ्रैंकलिन जयकुमार के साथ उन्होंने खदान के कार्यसंचालन के बारे में जाना।इस दौरान कुसमुंडा टीम ने बताया कि किस तरह कुसमुंडा खदान छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में योगदान दे रही है और बीते वित्त वर्ष 23-24 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल करने वाली देश की दूसरी खदान बनी है।खदान में कोयला निकालने के लिए ब्लास्टिंग-रहित अत्याधुनिक तकनीक से लैस सरफेस माइनर का प्रयोग के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि तीसरे चरण के सी.एच.पी. के पूरा होने के बाद, 95त्न कोयला निकासी मशीनीकृत साधनों कवर्ड बेल्ट कन्वेयर और साइलो द्वारा रेक में स्वचालित लोडिंग द्वारा की जाएगी। परियोजनाओं के डिजिटलीकरण के बारे में भी विस्तार से बताया गया जो इंडस्ट्री 4.0 के लिए एक प्रयास है। रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र, 5 इलेक्ट्रिक व्हीकल, ई.टी.पी.,सड़कों पर पानी का छिड़काव, डम्पर धुलाई जैसे औद्योगिक उद्देश्यों के लिए खदान के पानी का पुन: उपयोग जैसी हरित पहल की सराहना की गई। अध्यक्ष को जानकारी दी गयी कि एसईसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य के अनुरूप समग्र अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की जा रही हैं।दौरे के दौरान अध्यक्षा महोदय के द्वारा रीक्लेम्ड ओबी डम्प पर पौधरोपण भी किया गया। दौरे के दौरान मुख्यालय से राजशेखर, महा. (यो/परि), कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबन्धक, राजीव सिंह, स्टाफ ऑफिसर(यो/परि), कुसमुंडा क्षेत्र प्रकाश राय एवं अन्य अधिकारीगण साथ रहे।

## वामपंथी संगठनों ने कांग्रेस के लिए प्रचार शुरू किया

कोरबा । कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वामपंथी संगठनों ने चुनाव प्रचार करना तय किया है।

जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष द्वय ग्रामीण व शहर सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल और सपना चौहान ने संयुक्त रूप से पत्र लिखते हुए कोरबा जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के समस्त जिला पदाधिकारियों व संगठन से जुड़े समस्त प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव 2024 में कोरबा लोगसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिए इंडिया एलॉयंस के सभी घटक दलों के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मिलकर व्यापक पैमाने पर प्रचार- प्रसार करने की अपील किया है।

ये संहितायें मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी/वेतन तक से वंचित करती है और मालिकों को 12 घंटे तक मजदूरों से काम लेने का और उन्हें किसी भी समय रोजगार से निकालने का अधिकार देती है। पत्र में आगे लिखा गया है कि वर्तमान में केन्द्र में संचालित भाजपा सरकार की इस व्यवस्था से मजदूर फिर से बंधुआ गुलामी की जंजीर में जकड़ गए हैं। सरकारी कर्मचारियों के पेंशन फंड को सट्टा बाजार के हवाले कर दिया गया है और पुरानी पेंशन योजना को खत्म करके उन पर एक ऐसी नई योजना लाद दी गई है, जिसमें उनको जीवन निर्वाह योग्य पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। इस व्यवस्था से छतीसगढ़ के 4 लाख कर्मचारी इससे प्रभावित होने जा रहे हैं। राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत 6.57 लाख से ज्यादा मजदूर, जिनमें संविदाकर्मी, ठेका मजदूर, आउटसोर्सिंग कर्मचारी और असंगठित क्षेत्र के मजदूर खास तौर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मध्यान्ह भोजन बनाने वाले मजदूर, सफाई कर्मचारी आदि को नियमित करने के चुनावी वादे पर आज राज्य की भाजपा सरकार ने चुप्पी साध ली है। पत्र में मोदी के वादे को लेकर लिखा गया है कि मोदी का वादा तो देश को आत्मनिर्भर बनाने का था, लेकिन उसकी अंधाधुंध निजीकरण और विनिवेशीकरण की नीतियों ने अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और देश की बहुमूल्य संपत्ति को कार्पोरेटों को सौंपने का काम किया है। वादा तो सबका विकास था, हकीकत में हो रहा है कार्पोरेटों का विकास। इन नीतियों से गरीब, और गरीब हुए हैं, जबकि देश के सबसे अमीर 10 लोगों का हमारी राष्ट्रीय आय के 57 प्रतिशत और कुल संपत्ति के 77 प्रतिशत पर कब्जा हो गया है। भाजपा का फिर से सत्ता में आने का मतलब होगा देश से भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों की विदाई और वर्ण व्यवस्था पर आधारित समाज की पुनर्स्थापना की ओर बढ़ना, जो भाजपा-आरएसएस की वास्तविक विचारधारा है। छत्तीसगढ़ में सत्ता में फिर से आने के बाद भाजपा ने बेरोजगारी भत्ता देने और न्याय योजनाओं के जरिए आम जनता को राहत देने जैसी तमाम योजनाओं को एक झटके में बंद कर दिया है।

एक ओर तो देश में मोदी सरकार की तमाम गारंटियां फेल हो गई है, वही छत्तीसगढ़ में जिन गारंटियों को लागू करने का दिखावा किया जा रहा है, वह केवल चुनाव जीतने की तिकड़बाजी है। राज्य की सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में उसकी निर्णायक हार सुनिश्चित की जाएं।वास्तव में यह चुनाव तुच्छ मतभेदों से ऊपर उठकर देश, लोकतंत्र और संविधान बचाने की एक बड़ी राजनैतिक लड़ाई है। इस लड़ाई को सफल बनाने के लिए जरुरी है कि यथासंभव भाजपा विरोधी वोटों को बिखरने से रोका जाएं और सभी ताकतें उस राजनैतिक पार्टी को समर्थन दें

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 453 लाभान्वित



कोरबा। 19 अप्रैल मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय परम पूज्य पंडित विद्याधर शर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वृहद् निशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच तथा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का शुभारंभ आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरी,भारत माता एवं मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय परम पूज्य पंडित विद्याधर शर्मा जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर, उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर, विधिवत पूजन कर किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में दांत,आँख, नाक, कान, गले, हृदय रोग, शिशुरोग, गुदरोग, स्त्रीरोग, वात, श्वास, चर्म रोग, ब्लड प्रेसर, मधुमेह, सर्दी खांसी बुखार आदि जटिल एवं सामान्य रोगों से पीड़ित स्त्री , पुरुष, एवं बच्चो को मिलाकर 253 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह देकर न केवल औषधियां प्रदान की गई अपितु आयुर्वेदानुसार जीवन शैली को अपनाकर जीवन जीने की कला भी सिखाई गई जिससे सभी आरोग्य रहें। जो कि संस्थान का उद्देश्य भी है। इस विषय पर विस्तार से बताते हुये संस्थान के प्रमुख चिकित्सक नाड़ी वैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा की हमे अपने आहार की मात्रा, उसके समय एवं उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। जिसके लिये हमे ओवर ईटिंग, असमय एवं गुणवत्ताहीन भोजन नही करना चाहिये जो की हमारे सुस्वास्थ्य मे सबसे बड़ा बाधक है। शिविर मे निशुल्क स्वास्थ्य पुस्तिका, औषधि परामर्श एवं उपचार देने के साथ-साथ सभी प्रकार के दांत के रोगों का इलाज करने के साथ-साथ ऐसे दंत रोगी जिनके दांत सड़ गयें हो, दर्द रहता हो, निकलवाला चाहते हों, पर शुगर, बीपी या अन्य कारणों से नही निकलवा पा रहे हों, उनके दांतों को बिना किसी किसी एनेस्थिसिया, बिना किसी दर्द के आयुर्वेद की विशेष विधा जालंधर बंध द्वारा निकाला गया। बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, इसीजी जांच, रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) जांच, आंखो की जांच कर चश्मे के न?बर का कार्ड बनाकर दिया गया। साथ ही यौन संक्रमित, यौन संचारित, रोगों की भी जांच परामर्श काउंसलिंग एवं उपचार एड्स काउंसलर तथा उनकी टीम द्वारा किया गया । इस स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से दंत रोग चिकित्सक डॉ.विकास अग्रवाल, आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा, डॉ.आर.जी. साहू, डॉ.प्रदीप देवांगन, डॉ.सुरेंद्र मिश्रा, डॉ.संजय वैष्णव,डॉ.प्रदीप कश्यप , डॉ.बंशीधर नायक, डॉ.राजेश राठौर, डॉ.अश्विनी आर्य, डॉ. जितेन्द्र नारायण शर्मा एवं डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा चिकित्सकों के अलावा बीएमडी टेक्नीशियन सुनील, इसीजी टेक्नीशियन ममता बरेठ, रंजीत गोंड, जयंत पैकरा, आई टेक्नीशियन अर्जुन पाटीदार, राजू चक्रधारी एवं नागेश्वर यादव ने विशेष रूप से उपस्थित होकर शिविर में अपनी सेवाएँ प्रदान की। शिविर में मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संरक्षक पंडित देवदत्त जोशी, अध्यक्ष बिमल जोशी, सचिव रवि शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र शर्मा, लायन इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वीडीजी प्रथम लायन विजय अग्रवाल, डेजी रीजन के रीजन चेयरपर्सन लायन पवन शर्मा, लायंस क्लब जमनीपाली के अध्यक्ष लायन सुरेश अग्रवाल, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के संरक्षक लायन सुधीर सक्सेना, अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, सदस्य लायन नेत्रनंदन साहू, लायन अश्विनी बुनकर, लायन कमल धारिया, लायन सोनल शाह, चक्रपाणि पांडे, मनीष कौशिक, आनंद पांडे, अरुण मानिकपुरी, दुर्गेश शर्मा, मनोज अग्रवाल (मन्त्री), दुर्गेश राठौर, प्रमोद शर्मा, चंद्रकांता शर्मा, जय प्रकाश अग्रवाल, पंडित अशोक शर्मा, पंडित सत्यम शर्मा, हर्ष नारायण शर्मा,सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविरार्थीयों ने भी आयुर्वेद के सभी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों एक ही छत के नीचे पाकर बहुत प्रसन्न होते हुए शिविर की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुये आयोजकों एवं चिकित्सकों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं साधुवाद दिया।

## बिल्ले व पोस्टर गायब हाईटेक हो रहा प्रचार




**जांजगीर।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव का स्वरूप आज से करीब 15 साल पहले की तुलना में एक दम बदल गया है। पहले गांव से लेकर कस्बों, शहरों तक कानफोडू लाउडस्पीकर रिक्शे पर रखे मिल जाते थे। पोस्टर वार भी खूब होता था, लोगों की शर्ट में राजनीतिक दलों के नेताओं व छाप के बिल्ले लगे रहते थे। लेकिन अब प्रचार का ट्रेंड बदल गया है। अब कानफोडू लाउडस्पीकर से प्रचार करने वाली गाड़ियां कम देखने को मिल रही हैं। न दीवारों में वोट अपील है न बिल्ले नजर आ रहे हैं। पूरा प्रचार तंत्र हाईटेक हो गया है। सोशल मीडिया पर दलों का ध्यान अधिक है। सोशल मीडिया व हाईटेक जमाना आने के बाद से चुनाव प्रचार और हाईटेक हो गया है। जहां राजनीतिक दल एक-एक वोटर तक हाईटेक तरीके से उनके घर तक पहुंच रहे हैं। वीडियो वैन के जरिये अपनी-अपनी सरकारों में हुए कार्यों को गिना रहे हैं। भाजपा ने जांजगीर-चांपा संसदीय क्षेत्र में 8 वीडियो वैन प्रचार में उतार दी हैं। वहीं कांग्रेस भी बैठकों के जरिए अपनी सरकारों के कार्य और मौजूदा शासन की कमियां गिना रहा है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रचार-प्रसार शुरू हो गया है। जगह-जगह बैठकें हो रही हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस परंपरागत तरीके से लोगों से मिलकर परंपरागत तरीके के प्रचार-प्रसार कर रही है। भाजपा ने संसदीय क्षेत्र में प्रचार के लिए उतारी 8 एलईडी वैन भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने बताया कि जांजगीर-चांपा संसदीय क्षेत्र में कुल आठ एलईडी वैन चुनाव अधिकारी की अनुमति के बाद क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर रही हैं। कुल आठ विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए 1-1 वीडियो वैन घूम-घूमकर केंद्र राज्य की भाजपा सरकार के कार्यों और योजनाओं से लोगों को मुखातिब करेगी। चंदेल ने बताया प्रचार सामग्री, पम्पलेट आदि प्रिंट होकर आ गए हैं।

# राधिका खेड़ा ने सरकार को बताया पूंजीपतियों का केन्द्र

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी राधिका खेड़ा ने मीडिया से बात करते हुए मोदी सरकार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण का मतदान हो गया है। हमारे सर्वे के मुताबिक, पहले चरण के मतदान में ही भाजपा का सफाया हो गया। इंडिया अलाइंस के खाते में सर्वाधिक सीटें आएगी। इसका पता चलते ही पीएम मोदी ने रातोंरात बैठक बुलाकर फटकार भी लगाई।

जांजगीर के हॉटल ड्रीम पॉइंट में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार जितनी भी योजना बनाती है, सभी सिर्फ एक शख्स अडानी को ध्यान में रखकर बनाती है। देश का सिस्टम चंदा दो और काम लो के आधार



पर चल रहा है। ये इलेक्टोरल बांड से स्पष्ट हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। उसका उदाहरण है कि भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ में आरक्षण बिल लाई, जिसे भाजपा के राज्यपाल ने आज तक पास नहीं किया। उन्होंने कहा कि महिला, किसान और युवा सभी मोदी का विरोध कर रहे हैं, जबकि भाजपा सरकार उन्हें धमका रही है। राधिका खेड़ा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री के 45 से अधिक फोटो अलग-अलग पोज में लगे हैं। जबकि, उनके संकल्प पत्र में मुद्दे की बात कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में नौकरियों का जिक्र ही नहीं है। भाजपा के पूरे मेनिफेस्टो की खास बात ये है कि वो वर्ष 2047 पर आधारित है। मिशन 2047 मतलब आज कल का तो आप उनसे पूछ ही नहीं सकते।

भाजपा का मेनिफेस्टो जुमलेबाजी के अलावा कुछ भी नहीं है। वहीं कांग्रेस जो वादे करती है, वह हर हाल में पूरा करती है। उन्होंने कांग्रेस की आधी आबादी को साल भर में एक-एक लाख रुपए देने के लिए बजट की व्यवस्था पर कहा कि हमनें अपने घोषणा पत्र में जितने भी वादे किए हैं, सबका पहले आंकलन किया गया है। उसके बाद ही मेनोफेस्टो तैयार कर जारी किया गया है। इंडिया अलाइंस की सरकार बनते ही सभी घोषणाओं को पूरा किया जाएगा।

## परशुराम जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा


**जांजगीर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज द्वारा 10 मई को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के निर्धारण के लिए शहर के एक होटल में ब्राह्मण समाज के लोगों ने बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार किया गया। प्रारंभिक तौर पर यह तय हुआ की भगवान परशुराम जयंती पर पैदल शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा कचहरी चौक व नेताजी चौक होते हुए नैला रेलवे स्टेशन के पास परशुराम चौक पहुंचेगी। यहां पर यात्रा का समापन होगा। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद नैला के मारवाड़ी धर्मशाला में समाज के लोगों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जाएगा। इससे पहले रविवार 28 अप्रैल को भी एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।



# मंदिरों में पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया जाएगा पवनपुत्र का प्राकट्य उत्सव

**सक्ती।** शहर के थाना परिसर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार 23 अप्रैल को इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर संध्या समय 49 वीं भव्य महा आरती का कार्यक्रम होगा। मंदिर के पंडित देवी प्रसाद वैष्णव एवं पुजारी पंडित ओमप्रकाश वैष्णव के सानिध्य में 23 अप्रैल को ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर परिवार के सदस्यों ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 7.30 बजे आरती होगी, तथा शाम को सात बजे संध्या की महा आरती होगी।

रात्रि 7.30 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा एवं रात्रि 8 बजे से सप्तक म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में साज - सजा की जा रही है। वहीं प्राकृतिक फूलों से भी हनुमानजी का श्रृंगार किया जाएगा। सिद्ध श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्स धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश वैष्णव



नेसभी हनुमान भक्तों को सह परिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

पंडित के मुताबिक मंगलवार और शनिवार का दिन विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा-सेवा के लिए समर्पित है। मान्यता है कि हनुमान जी की पूजा करने से बल, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति होती है। इनकी आराधना करने से हर तरह के रोग व कष्ट मिट जाते हैं। शास्त्रों में हनुमान जी की पूजा बहुत ही कल्याणकारी और बेहद शुभ फलदायी मानी गई है। धार्मिक मान्यता के अनुसार हनुमान जी को भी कुछ खास चीजें अति प्रिय हैं, जिनका उन्हें भोग लगाकर भक्त अपनी मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए अर्पित करते हैं। उनमें सबसे प्रिय पान का बीड़ा है। हनुमान को मीठा पान बेहद पसंद है। बस यह ध्यान रहे कि पान में चूना, तंबाकू या सुपारी बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। मीठा पान का माला भी चढ़ाते हैं।

**भोग में यह भी अर्पित**

भक्त हनुमान जी को प्रसन्न करने सबसे अधिक नारियल चढ़ाते हैं। इसके अलावा गुड़ चना, चूरमा के लड्डू तथा बूंदी के लड्डू नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं। मान्यता है कि ये चीजें भोग के रूप में उन्हें काफी पसंद है। ऐसा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं जल्द पूरी हो जाती है।

## अधूरा काम कर छोड़ देने से परेशानी



**डभरा।** नगर पंचायत डभरा में नाली निर्माण कार्य में सीएमओ एवं इंजीनियर के संरक्षण में अनियमितता बरती जा रही है।नगर पंचायत डभरा के अटल चौक मुख्य सड़क मार्ग से सिंचाई कॉलोनी पानी टंकी तक नाली निर्माण कार्य किया गया है जिसमें लाखों रुपये खर्च करने के बाद में निर्माण कार्य को आधा अधूरा छोड़ दिया गया है ।नाली का निर्माण कार्य प्राक्कलन (स्टीमेट)के आधार पर नहीं किया गया है ।

जिसके कारण सिंचाई कॉलोनी के दफ्तर में आने जाने के लिए परेशानी हो रही है। मुख्य गेट के पास ही नाली का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इसी कारण दफ्तर में आने जाने वाले अधिकारियों एवं आम ग्रामीणों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।यहां कभी भी ग घटना हो सकती है। नाली इतनी स्तरहीन बनाई गई है कि बरसात का पानी किस तरफ जाएगा समझ में परे है।

पानी निकासी कि सुविधा नहीं होगी तो बरसात में सिंचाई कॉलोनी एवं ब्लॉक कॉलोनी में पानी घुसेगा। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी नाली निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। कई महीनो से काम बंद है। नाली में भी गंदगी पसरी है। पानी निकासी की कोई सुविधा नहीं है । बरसात के दिनों में किस तरह पानी की निकासी होगी इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। नाली निर्माण कार्य में स्तरहीन सरिया एवं सीमेंट लगाकर कम ऊंचाई का नाली निर्माण कराया गया है।

# 95 हजार के सामानों की चोरी, जांच जारी

**अकलतरा।** नगर के सब्जी मार्केट के पास रहने वाले रिटायर्ड बैंक कर्मी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने 15 हजार रुपए कैश, चांदी के जेवरात सहित 95 हजार का सामान चोरी कर लिया।

मामले पर पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 8 ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्केट के अंदर रिटायर्ड बैंक कर्मी संतोष अग्रवाल का मकान है, जहां वे अपने परिवार के साथ रहते हैं। वे अपने परिवार के साथ रायपुर इलाज करवाने के लिए 5 अप्रैल को गए थे, घर में उनकी बड़ी बहन गंगा देवी अग्रवाल अकेली थी। 8-9 अप्रैल की दरमियानी रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे 600 ग्राम चांदी का पाटा, 300 ग्राम वजनी चांदी के दो लोटे, आलमारी के अंदर रखा हुआ नकद 15 हजार रुपए सहित संतोष अग्रवाल के पुत्र संकल्प अग्रवाल के कमरे में रखा हुआ लैपटॉप, घड़ी सहित 95 हज़ार रुपए का सामान पार कर दिया। संतोष अग्रवाल ने 10 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। लेकिन पुलिस ने चोरी हुए समानों के संबंध में बिल मांगा। सामान का बिल तत्काल उपलब्ध नहीं होने पर संतोष अग्रवाल ने घर में समानों के बिल की खोजबीन की। समानों का बिल मिलने पर संतोष अग्रवाल ने 18 अप्रैल को थाने में जाकर चोरी की घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।



# मनमाने पार्किंग ने बिगाड़ दी तहसील कार्यालय के सामने की स्थिति

**अकलतरा।** तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के सामने सड़क के दोनों ओर शोल्डर नहीं बनने के कारण मुख्य सड़क और जमीन का अंतर 7 से 8 इंच का हो गया है। जिसके कारण चार पहिया वाहनों और दुपहिया वाहनों को उतारने में और चढ़ाने में परेशानी होती है।

यही कारण है कि लोगों के द्वारा तहसील में आने पर अपनी वाहनों को सड़क के किनारे दोनों ओर खड़ा कर दिया जाता है। ताकि वाहन निकालने में और चढ़ाने में परेशानी ना हो।तहसील कार्यालय परिसर के सामने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ी करने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

पार्किंग व्यवस्था नही होने के कारण कुछ लोगों के द्वारा दुपहिया वाहनों को सड़क के दोनों किनारे खड़ा कर दिया जाता है जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। साथ ही अक्सर चार पहिया वाहन भी सड़क के किनारे खड़े कर दिए जाते हैं जिसके कारण इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वाहनों को सडक के दोनों ओर खड़ी करने वालों के कारण वहां से निकलने वाले चार पहिया वाहन चालकों को वाहन निकालने में सावधानी बरतनी पड़ती है। तहसील कार्यालय के सामने पर्याप्त शासकीय भूमि है जहां तहसील कार्यालय आने वाले लोगों के द्वारा आसानी से गाड़ी खड़ी की



जा सकती है लेकिन मुख्य सड़क के किनारे शोल्डर नहीं होने के कारण वाहनों को चढ़ाने और उतारते समय वाहन के गिरने के डर से वाहन को सड़क के दोनों और खड़ा कर दिया जाता है।

सड़क निर्माण के नियमानुसार मुख्य सड़क के दोनों और पांच पांच फीट तक मुरूम बिछाकर शोल्डर बनाया जाता है जिससे सड़क पर चलने वाले दुपहिया और चार पहिया वाहन अगर अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर गिरे तो लोगों को और उनके वाहनों को क्षति कम होती है। ठेकेदार के द्वारा मुख्य सड़क के दोनों ओर शोल्डर नहीं बनाया गया है जिसके चलते आए दिन तहसील मार्ग पर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

# दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**डभरा।** कैप्सूल वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीण व स्वजन चक्काजाम करने के लिए एकत्र हो गए थे मगर पुलिस की समझाईश से मामला शांत हुआ।जानकारी के अनुसार 18 एवं 19 अप्रैल की दरम्यानी रात 1 बजकर 45 मिनट पर कैप्सूल वाहन ने बाइक सवार युवक ग्राम सपिया निवासी यशवंत कुमार(18) पिता समय लाल उम्र को ठोकर मार दी ।

जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही घटना की जानकारी आसपास के लोगों मिली तो कैप्सूल वाहन को रोककर मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम के लिए सड़क पर भीड़ इकट्ठा हो रही थी। जैसे ही घटना की सूचना डभरा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रहास सिन्हा को मिली वे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और फगुरम चौकी प्रभारी भूपेंद्र चंद्रा भी अपनी टीम के साथ मौके पर



पहुंचे। जहां प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रहास सिन्हा ने गुस्साए स्वजन एवं ग्रामीणों को समझाइस देकर शांत कराया गया , स्वजन को शासन द्वारा निर्धारित दुर्घटना में मिलने वाले 25 हजार की राशि को परिवार को दी गई और स्वजन को सांत्वना दी गई। प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रहास सिन्हा मृतक के निवास सपिया पहुंचे और स्वजन समझाईश देते हुए वेदांत कंपनी के हाईवा के मालिक सिंघीतराई निवासी से स्वजन को 1 लाख रूपये की सहायता राशि दिलाई गई । स्वजन भी उनकी बात को समझे और शांत हो गए और प्रस्तावित चक्का थम गया।पुलिस ने आरोपित वाहन चालक के विरुद्ध भादवि की धारा 304ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

## मतदान दिवस को कई दुकानदार खरीदी पर देंगे छूट

**जांजगीर- चांपा।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसके तहत जिला प्रशासन और व्यापारी संघ ने पहल करते हुए जिले में 7 मई को मतदान करने वाले को जिले की प्रमुख प्रतिष्ठानों पर खरीददारी में 5 से 40 प्रतिशत तक की छूट देने की बात कही है। व्यापारियों की इस पहल की सभी जगह प्रशंसा हो रही है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ईकाइ नैला-जांजगीर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि हर नागरिक का वोट मायने रखता है, इसलिए नागरिकों को लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इस विशेष छूट की पेशकश कर हम अधिक लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।जिले में जो दुकानदार मतदान के दिन सामानो में छूट देंगे उनमे ठाकुरदास नेभनदास कपड़ा दुकान मुरारी टहलानी द्वारा 15 प्रतिशत की एक्स्ट्रा छूट है।

# कोल साइडिंग से बनारी के बीच बनने वाली सड़क केवल कागजों में



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय में भारी वाहनों से मुक्ति के लिए नैला रेलवे स्टेशन के कोल साइडिंग से कोयला लोड कर आने वाले वाहनों को शहर के बाहर से निकालने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाना आवश्यक है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने अंडरब्रिज के पास से बनारी होते हुए 6 किमी. सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को डेढ साल पहले भेजा गया था। मगर इस प्रस्ताव को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। जिसके चलते भारी वाहनों से जांजगीर नैला शहरवासियों को मुक्ति नहीं मिली है। हालांकि यातायात पुलिस ने रात 11 बजे तक शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया है। इसलिए दिन में कुछ राहत है।

जिला मुख्यालय में भारी वाहनों की आवाजाही लगातार होती है। रोज हजारों की संख्या में भारी वाहन गुजरते हैं। एनएच का निर्माण अंतिम चरण में हैं और पीथमपुर में हाईलेबल ब्रिज बन जाने के बाद इस मार्ग पर आवाजाही शुरू हो गई है। हालांकि खोखसा में कुछ दूरी तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है। मगर बेजाकब्जा हटाए जाने के बाद सड़क पर आवागमन शुरू हो गया है। इसके बाद भारी वाहन नगर के बाहर से ही निकल रहे हैं। मगर कोल साइडिंग नैला से कोयला लेकर आने वाले वाहन चांपा व बिलासपुर की ओर जाते हैं और येवाहन स्टेशन रोड से होते हुए नगर के विवेकानंद मार्ग और अकलतरा रोड से गुजरते हैं जो नगर का हृदय स्थल है। ऐसे में आए दिन दुर्घटना होती है। हालांकि सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक नो एंट्री रहती है। मगर देर रात वाहनों की इतनी लंबी कतार लगती है कि नैला से जांजगीर आना जाना कठिन हो जाता है।

सड़क की स्थिति भी खराब हो रही है। ऐसे में दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। सालों बाद भी इस समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो सका। नगर वासियों की परेशानी को देखते हुए भारी वाहनों को शहर से बाहर निकालने के लिए पीडब्ल्यूडी ने अंडरब्रिज नैला के पास से नहर पार में 6 किमी. सड़क बनाकर एनएच 49 से जोड़ने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को डेढ साल भेजा था। इस प्रस्ताव के अनुसार सड़क की चौड़ाई 15 फीट होगी और लागत लगभग सात करोड़ होगा। इस सड़क के बन जाने से नगरवासियों को भारी वाहनों से मुक्ति मिल जाएगी। रेलवे स्टेशन व बलौदा की ओर जाने आने वालों के अलावा स्टेशन रोड में निवास करने वालों को भी इससे सुविधा मिलेगी। मगर इसके लिए जनप्रतिनिधि व उच्चाधिकारियों को यह प्रयास करना होगा कि पीडब्ल्यूडी के इस प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति मिल सके। सात माह से यह प्रस्ताव धूल खा रही है।जिला मुख्यालय में भारी वाहन नगर से गुजरते हैं तो ये परिवहन नियमों का पालन भी नहीं करते। बिना तिरपाल ढंके कोयला व राखड़ का परिवहन किया जाता है। इसके चलते धूल का गुबार उठता है और वाहनों के धुएं से भी लोगों को परेशानी होती है। सड़क पर पानी का छिड़काव कभी होता ही नहीं जिसके कारण दुकानदारों को भी अपना सामान पालिथीन का पर्दा लगाकर सुरक्षित करना पड़ता है।

# मतदान के लिए जनता को जागरूक करने निकाली रैली

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टोरट कार्यालय से बीटीआई चौक लिंक रोड होते हुए नेताजी चौक, कचहरी चौक से होकर आडिटोरियम तक मतदाता जागरूकता को लेकर बाइक रैली निकाली गई। रैली में व्यय प्रेक्षक पवन कुमार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला की अगुवाई में जिला यूथ आइकान, महिला आईकान, दिव्यांग आईकान ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। इस बाइक रैली में अधिकारी-कर्मचारी, युवा सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

बाइक रैली के दौरान जगह - जगह उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह रैली ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' का नारा लगाते हुए आडिटोरियम तक पहुंची। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, एएसपी राजेन्द्र जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



## अनमोल वचन

**झरनों से इतना मधुर संगीत कभी न सुनाई देता, अगर राहों में उनके पत्थर न होते!**

# जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया।

इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश' को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड़ने पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की 'गारंटी' हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। छोटे बच्चे अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेलने जाएंगे। घर-वार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। इस राशि के जिन लोगों का रेस्टोरेंट है, उनके धन में वृद्धि होने की संभावना है। आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। करियर में आपको बड़ी सफलता हासिल होगी। साथ ही आपका सकारात्मक रवैय्या करियर में आपको बेहतरी दिलायेगा।

**वृष राशिः** आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आप स्वस्थ्य बने रहेंगे। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही आईटी से जुड़े स्टूडेंट्स को भी लाभ मिलेगा। आज आपकी बातों का लोगों पर प्रभाव दिखेगा। साथ ही वो आपसे जुड़ने की कोशिश भी करेंगे।

**मिथुन राशिः**आज आपको आर्थिक रूप से अपने रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको टहलना चाहिए। इससे आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। आज सकारात्मक सोच आपको कार्यों में सफलता दिलाएगा। परिवार के साथ किसी टूर का प्लान बनायेंगे। आज लेनदेन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। कामःकाज की अधिकता आपके सेहत पर असर डाल सकती है।

**कर्क राशिः** आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा, जिससे काम में मन कम ही लगेगा। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आप जरूरतमंद लोगों की तरफ मदद का हाथ बढ़ायेंगे । जो छात्र फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे हैं, उन्हें आज कुछ नया डिजाईन करने को मिल सकता है, उनकी मेहनत रंग लाएगी। दांपत्य रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार में लाभ होने की संभावना है।

**सिंह राशिः** आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर भी मिलेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे। आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। कोई नया काम करने के लिए सोचेंगे। दांपत्य जीवन में सलाह-मशविरा से आगे बढ़ने से अंडरस्टैन्डिंग बढ़ेगी। क

**कन्या राशिः** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में बहुत ही अच्छा माहौल बना देगा। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे।जीवनसाथी के साथ डिनर का प्रोग्राम बनेगा। सामाजिक स्तर पर आप लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके शानदार रहने वाला है। आज कारोबारियों को धन लाभ होने की उम्मीद है। ऑफिस के काम की गति अच्छी रहेगी, आप अपने सारे रुके हुए काम पूरा करने में सफल होंगे। आज जीवनसाथी को उनकी पसंद का कोई गिफ्ट देंगे। आज किसी वजह से दोस्तों के साथ घूमने का प्रोग्राम टल जाएगा। कोई जरूरी चीज आज आप कहीं रखकर भूल सकते हैं। आपको अपने सामान का खास ध्यान रखना चाहिए। आपको तलीःभुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आप माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। जीवनसाथी से आपको खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा बन रहेगा। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। आज आप कामकाज में बहुत बिजी हो सकते हैं। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी। आप उन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

**धनु राशिः** आज आप कोई जरूरी काम निपटाने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं दूर हो जाएगी, साथ ही रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। नींद पूरी होने के कारण आप बेहतर महसूस करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है।

**मकर राशिः** आज आपको बच्चो से कोई अच्छी खबर मिलेगी। जीवन मे आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। इस राशि के जो लोग फ्रीलांसर हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति जरूर होगी। नए व्यापार के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी।

**कुंभ राशिः** आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट्स स्टूडेंट्स को टीचर्स का पूराःपूरा सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या आज आसानी से सॉल्व हो जायेगी। वर्क आउट शुरू करने से आप चुस्तःदुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। कार्यस्थल पर आपका कामकाज बहुत शानदार रहेगा। समाज में आपका मानःसम्मान बढ़ेगा।

**मीन राशिः** आज जीवनसाथी के सहयोग से कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी अनबन हो सकती है, लेकिन जल्द ही सब ठीक भी हो जायेंगा। टीचर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

# राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे

//प्रो. संजय द्विवेदी //

**इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे। आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी।**

सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ। राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो वीर अर्जुन जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे स्वदेश, पांचजन्य और राष्ट्रधर्म के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी हिंदुस्तान समाचार और ऑर्गनाइजर से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक लोकमत, साप्ताहिक सारथी और श्री शारदा के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। विशाल भारत के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन प्रताप के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। लोकमत समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। विजया कर्नाटक और कन्नड़ प्रभा अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया। मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से दैनिक महाकौशल अखबार निकाला। भाजपा के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से लोकस्वर अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे दिनमान के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आए। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक हिन्दुस्तान के संपादक रहे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। देशबन्धु में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गए विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने शिखर वार्ता पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार हितवाद के प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं। कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। सामना के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने प्रभात खबर के संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा, वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं। ऑर्गनाइजर के संपादक रहे श्री के.आर.मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेन्द्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में रह चुके वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर किशनगंज से कांग्रेस से लोकसभा पहुंचे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और विदेश राज्य मंत्री बनाया। तृणमूल कांग्रेस ने हाल में ही अंग्रेजी की पत्रकार सागरिका घोष को राज्यसभा भेजा है। इसके पूर्व उर्दू पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीमुल हक भी राज्यसभा में पहुंचे। हिंदी अखबार सन्मार्ग के मालिक विवेक गुप्ता तृणमूल से सांसद भी रहे, अब विधानसभा में हैं। कुणाल घोष भी इसी दल से राज्यसभा पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश कौशिक भी मूलतः पत्रकार हैं। वह दिल्ली और शिमला में पत्रकारिता की लंबी पारी के बाद राजनीति में आए।

हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र से 2014 में भाजपा सांसद चुने गए अश्विनी कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन पंजाब केसरी के माध्यम से की गई उनकी धारदार पत्रकारिता लोगों के जेहन में है। इकोनॉमिक टाइम्स में रहे देवेश कुमार बिहार में भाजपा से विधान परिषद में है और प्रदेश महामंत्री भी हैं। हरियाणा सरकार में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु भी दैनिक हरिभूमि के संपादक, प्रकाशक रहे हैं। उर्दू के पत्रकार शाहिद सिद्दीकी (नई दुनिया) सपा से, तो मीम अफजल (अखबार-ए-नौ) कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। आंध्र प्रदेश से वार्ता के संपादक गिरीश सांघी कांग्रेस से राज्यसभा हो आए। पत्रकारिता से जुड़े रहे तेलंगाना के के. केशवराव कांग्रेस और टीआरएस दोनों दलों से राज्यसभा जा चुके हैं। कोलकाता के पत्रकार अहमद सईद मलीहाबादी भी राज्यसभा पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड से एजाज अली भी राज्यसभा (2008 से 2010) में रहे। कुछ राजनीति की देहरी से भी लौट आए, जैसे वरिष्ठ पत्रकार उदयन शर्मा (कांग्रेस) और सीमा मुस्तफा जनता दल के टिकट पर लोकसभा नहीं पहुंच सके। राजनीति के मंच पर ऐसे अनेक सितारे चमके और अपनी जगह बनाई। तमाम ऐसे भी थे, जो पार्टी के प्रवक्ता या बौद्धिक कामों से जुड़े रहे। तमाम अज्ञात ही रह गये। राजनीति वैसे भी एक कठिन खेल है, संभावनाओं से भरा भी। किंतु सबको इसका फल मिले यह जरूरी नहीं। बावजूद इसके इसका आकर्षण कम नहीं हो रहा। वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी कहते थे, पत्रकार की पोलिटिकल लाइन तो ठीक है, पर पार्टी लाइन नहीं होनी चाहिए। किंतु यह लक्ष्मण रेखा भी टूट रही है। क्यों इस पर सोचिए जरूर।

# सावधानी बरतनी चाहिए

//विनीत नारायण//

**इस बार का चुनाव बिल्कुल फीका है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिन्दू, मुसलमान, कांग्रेस की नाकामियों को चुनावी मुद्दा बनाए हुए है वहीं चार दशक में बढ़ी सबसे ज्यादा बेरोजगारी, किसान को फसल के उचित दाम न मिलना, बेइंतहा महंगाई और तमाम उन वादों को पूरा न करना, जो मोदी जी ने 2014 व 2019 में किए थे-ऐसे मुद्दे हैं जिन पर भाजपा का नेतृत्व चुनावी सभाओं में कोई बात ही नहीं कर रहा।**

'सबका साथ सबका विकास' नारे के बावजूद समाज में जो खाई पैदा हुई है, वो चिंताजनक है। रोचक बात यह है कि 2014 के लोक सभा चुनाव को मोदी जी ने गुजरात मॉडल, भ्रष्टाचारमुक्त शासन और विकास के मुद्दे पर लड़ा था। पता नहीं 2019 में और इस बार क्यों वे इनमें से किसी भी मुद्दे पर बात नहीं कर रहे हैं। इसलिए किसान, मजदूर, करोड़ों बेरोजगार युवाओं, छोटे व्यापारियों यहां तक कि उद्योगपतियों को भी उनके भाषणों में रुचि खत्म हो गई है। उन्हें लगता है कि मोदी जी ने उन्हें वादे के अनुसार कुछ भी नहीं दिया। इसलिए यह विशाल मतदाता वर्ग भाजपा सरकार के विरोध में है। हालांकि अपना विरोध खुल कर प्रकट नहीं कर रहा। हालांकि यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि प्रति व्यक्ति हर महीने 5 किलो अनाज मुफ्त देने का मोदी जी का फार्मूला कारगर रहा है। जिन्हें अनाज मिल रहा है, वे कहते हैं कि इससे पहले कभी किसी सरकार ने उन्हें ऐसा कुछ नहीं दिया। इसलिए वे मोदी जी के समर्थन में हैं। पर इस मुद्दे पर बुद्धिजीवियों और अर्थशास्त्रियों की राय भिन्न है। वे कहते हैं कि अगर मोदी जी ने अपने वादे के अनुसार हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया होता तो अब तक 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाता। तब हर युवा अपने परिवार के कम से कम पांच सदस्यों का भरण-पोषण कर लेता। इस तरह भारत के 100 करोड़ लोग सम्मान की जिंदगी जी रहे होते जबकि आज 80 करोड़ लोग 5 किलो राशन के लिए भीख का कटोरा लेकर जी रहे हैं।

दूसरी तरफ, वे लोग हैं जो मोदी जी के अंधभक्त हैं, और हर हाल में मोदी सरकार को फिर से लाना चाहते हैं। मोदी जी के 400 पार के नारे से आत्ममुग्ध हैं। मोदी सरकार की सब नाकामियों को वे कांग्रेस शासन के मत्थे मढ़कर पिंड छुड़ा लेते हैं क्योंकि इन प्रश्नों का कोई उत्तर उनके पास नहीं है। अभी बताना असंभव है कि कांटे की टक्कर में ऊंट किस करवट बैठेगा। क्या विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी या मोदी जी की। सरकार जिसकी भी बने, चुनौतियां दोनों के सामने बड़ी होंगी। मान लें कि भाजपा की सरकार बनती है, तो क्या हिन्दुत्व के ऐजेंडे को इसी आक्रामकता से, बिना सनातन मूल्यों की परवाह किए, बिना सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन किए सब पर थोपा जाएगा, जैसा पिछले 10 वर्षों में किया गया। इसका मोदी जी को सीमित मात्रा में राजनैतिक लाभ भले ही मिल जाए, लेकिन हिन्दू धर्म और संस्कृति को स्थायी लाभ नहीं मिलेगा।

भाजपा और संघ, दोनों ही हिन्दू धर्म के लिए समर्पित होने का दावा करते हैं पर सनातन हिन्दू धर्म के मूल सिद्धांतों से परहेज करते हैं। सैकड़ों वर्षों से हिन्दू धर्म के स्तंभ रहे शंकराचार्य मानते हैं कि जिस तरह का हिन्दुत्व मोदी और योगी राज में पिछले कुछ वर्षों में प्रचारित और प्रसारित किया गया, उससे हिन्दू धर्म का मजाक ही उड़ा है। केवल नारों और जुमलों में ही हिन्दू धर्म का हल्ला मचाया गया। हां, उज्जैन, काशी, अयोध्या, केदारनाथ आदि धर्मस्थलों पर विशाल मन्दिरों के निर्माण से हिन्दू समाज में अपनी पहचान के लिए जागरूकता बढ़ी है। इसके अलावा जमीन पर ठोस कुछ नहीं हुआ, जिससे सनातन परंपरा पल्लवित-पुष्पित होती। इस बात का हम जैसे सनातनधर्मियों को अधिक दुख है क्योंकि हम साम्यवादी विचारों में विश्वास नहीं रखते। हमें लगता है कि भारत की आत्मा सनातन धर्म में बसती है, और सनातन धर्म विशाल हृदय वाला है जिसमें नानक, कबीर, रैदास, महावीर, बुद्ध, तुकाराम, नामदेव सबके लिए गुंजाइश है। वो संघ और भाजपा की तरह संकुचित हृदय नहीं है, इसलिए हजारों साल से पृथ्वी पर जमा हुआ है जबकि दूसरे धर्म और संस्कृतियां अहंकारी नीतियों के कारण कुछ सदियों के बाद धरती के पर्दे पर से गायब हो गए। संघ और भाजपा के राजनैतिक हिन्दू ऐजेंडा से उन सब लोगों का दिल टूटता है, जो हिन्दू धर्म और संस्कृति के लिए समर्पित हैं, ज्ञानी हैं, साधन-संपन्न हैं पर उदारमना भी हैं क्योंकि ऐसे लोग धर्म और संस्कृति की सेवा डंडे के डर से नहीं, बल्कि श्रद्धा-प्रेम से करते हैं। जिस तरह की मानसिक अराजकता पिछले 5 वर्षो में देखने में आई है, उसने भविष्य के लिए बड़ा संकट खड़ा दिया है। अगर ऐसे ही चला तो भारत में दंगे, खून-खराबे और बढ़ेंगे जिससे भारत का विघटन भी हो सकता है। इसलिए संघ और भाजपा को इस विषय में अपना नजरिया क्रांतिकारी रूप में बदलना होगा तभी आगे चलकर भारत अपने धर्म और संस्कृति की ठीक से रक्षा कर पाएगा, अन्यथा नहीं। अलबत्ता, हिन्दू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए संघ का संगठन सक्रिय रहता है, तो सनातनधर्मियों को अच्छा ही लगेगा।

जहां तक 'इंडिया' गठबंधन की बात है, तो यह आश्चर्यजनक तथ्य है कि समय और अवसर, दोनों प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हुए भी इस गठबंधन का सामूहिक नेतृत्व वो एकजुटता और आक्रामकता नहीं दिखा पा रहा जो उसे बड़ी सफलता की ओर ले जा सकती थीं। फिर भी 'इंडिया' के समर्थकों को विश्वास है कि यह चुनाव 'विपक्ष बनाम भाजपा' नहीं, बल्कि 'आम जनता बनाम भाजपा' की तर्ज पर लड़ा जाएगा, जैसा आपातकाल के बाद 1977 में लड़ा गया था। वैसे अगर राज्यवार आकलन किया जाए तो गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कुछ हद तक राजस्थान को छोड़ कर कोई भी प्रांत ऐसा नहीं है, जहां भाजपा विपक्षी दलों के सामने कमजोर नहीं है। ऐसे में कुछ भी हो सकता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि मतभेदों का सम्मान किया जाए, हर वर्ग को अपनी बात कहने की आजादी हो, चुनाव जीतने के बाद, जो दल सरकार बनाए, वो विपक्ष के दलों को लगातार कोस कर या चोर बताकर, अपमानित न करे, बल्कि उनके सहयोग से सरकार चलाए क्योंकि राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं। चुनावी बॉन्ड के तथ्य उजागर होने के बाद स्पष्ट है कि मोदी सरकार भी अपवाद नहीं रही। इसलिए और भी सावधानी बरतनी चाहिए।

## स्टंट का रील बनान वालों के लिए कानून का भय जरूरी

सोशल मीडिया पर स्टंट का रील बनाकर अपलोड करने के लिए 36 हजार रुपये का चालान काटा गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार आउटर रिंग रोड के एलिवेटेड फ्लाईओवर पर यह स्टंट किया गया।आरोपी कार चालक प्रदीप ढाका छज्जूराम कॉलोनी (नांगलोई) का रहने वाला है। वायरल वीडियो में हरियाणा नंबर की सुनहरी कार सड़क पर तेज रफ्तार में सर्पाकार दौड़ रही है जिसका साथी कार से बहार आकर सेल्फी लेता है। इस दरम्यान पीछे कारों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को यह वीडियो टैग किया। कार से प्लास्टिकनुमा कुछ नकली हथियार भी बरामद किए। इससे पहले होली वाले दिन दो लड़कियों का वीडियो वायरल हुआ था जो स्कूटी पर बैठ कर एक-दूसरे को रंग लगा रही थीं। उनका नोएडा पुलिस ने कई अन्य अपराधों समेत 33 हजार रुपये का चालान किया। लड़कियों का कहना था कि इंस्टाग्राम हैंडल के लिए रोचक सामग्री बना रही थीं।एक अन्य वायरल वीडियो में बिना हैलेमट के स्कूटी पर सवार युवक के पीछे टायटैनिक का पोज बना रही लड़की गिरी थी। यह हुड़दंग केवल होली पर ही नहीं होता, बल्कि रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर अपनी फॉलोइंग बढ़ाने के लोभ में फूहड़, अश्लील और उद्दंडतापूर्ण हरकतें करने वालों की हरकतें बढ़ती ही जा रही हैं। देश में युवाओं की बहुत बड़ी संख्या है, जिनके हाथ में मोबाइल है। वे बेरोजगार हैं या रोजगार न मिलने पर हताश। उनमें भरपूर ऊर्जा है जिसका इस्तेमाल करने का उचित मार्ग उन्हें नहीं सूझता। दूसरे, लगातार ऐसे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के बारे में बढ़-चढ़ कर प्रचारित किया जाता है कि वे अपने चैनेल्स या पोस्ट के बूते लाखों रुपये कमा रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा चुनाव के दौरान मंडी में अपने चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व सीएम जय राम ठाकुर के साथ भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत।



लोकसभा चुनाव के बीच मेरठ में भारतीय गठबंधन की सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव।



लोकसभा चुनाव के बीच भागलपुर में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान बोलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।



लोकसभा चुनाव के बीच मथुरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी की बेटियां ईशा देयोल और अहाना देयोल मथुरा में प्रचार कर रही हैं।



कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने बेंगलुरु में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन में खाली स्टील के बर्तनों का प्रतीकात्मक उपयोग शामिल था।



नांदेड़ में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे।



आंध्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख वाईएस शर्मिला ने कड़पा में लोकसभा चुनाव के लिए कड़पा निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन भरने से पहले अपने पिता और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी को श्रद्धांजलि दी।

# तेजस्वी यादव ना तो सीरियस नेता हैं और ना ही ये सीरियस राजनीति करते हैं : भाजपा प्रवक्ता



**पटना, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर खुश फहमी पाल रहे हैं। इसे कहते हैं दिन में सपना देखना। उन्हें इस बात का एहसास है कि उनका इस चुनाव में खाता तक नहीं खुलने वाला है। मनोज शर्मा ने कहा कि अपने आसपास के चमचा परस्ती करने वाले लोगों की बात पर यह बातें कह रहे हैं। यह चुनाव तो तेजस्वी यादव के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्हें एहसास होना चाहिए कि उन्होंने क्या-क्या गलती की है। यदि वह इस बार नहीं चेते तो आने वाले भविष्य में कभी उनका पॉलिटिकल सर्वाइवल नहीं होगा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वो इलेक्शन टूर कर रहे हैं। कभी नवरात्र में मछली खा रहे हैं तो कभी दिखावा के लिए नारंगी खा रहे हैं।

ये ना तो सीरियस नेता हैं और ना ही ये सीरियस राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ये और इनके गठबंधन के नेता चुनाव को लेकर सीरियस होते तो सभी सीटों पर उम्मीदवार तय हो जाता लेकिन, चुनाव अपने चरम पर है और महागठबंधन की तरफ से सभी सीटों पर उम्मीदवार तय ही नहीं हुआ है। मनोज शर्मा ने कहा कि तेजस्वी यादव क्या बोलेंगे,उनके गठबंधन कोई एकजुटता है क्या। राहुल गांधी प्रचार के लिए तो भागलपुर आये, लेकिन लगा जैसे अभी जगे हों। वहीं, तेजस्वी यादव अपने दो दिन पहले गठबंधन करने वाले नेता को लेकर ऐसे घूम रहे है जैसे वही उनके कर्ताधरता हो। कुल मिलाकर इंडी गठबंधन पूरी तरह से बिखर चुका है और 2024 में इनको विपक्षी दल की मान्यता भी नही मिलेगी।

## काबुल में खदान विस्फोट में एक शख्स की मौत, तीन घायल, जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**काबुल।** अफगानिस्तान के काबुल में एक बार फिर एक विस्फोट की खबर सामने आई है। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा कि पश्चिमी काबुल शहर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस जिला 3 के कोट-ए-सांगी इलाके में आज एक चिपचिपी खदान ने एक कार को निशाना बनाया, जिससे चालक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को कहा कि सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि सभी पीड़ित नागरिक थे, पुलिस इलाके में पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है। किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

जापान के रक्षामंत्री ने आशंका जताई है कि जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने बताया कि चार चालक दल वाले दो एसएच-60 के हेलीकाप्टरों का शनिवार देर रात टोक्यो के दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में तोरीशिमा द्वीप के पास संपर्क टूट गया। आशंका है कि समुद्री आत्मरक्षा बल के दोनों हेलीकाप्टर रात प्रशिक्षण के दौरान प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

# ओडिशा कांग्रेस ने की 19 उम्मीदवारों की सूची जारी 16 विधानसभा और 3 लोकसभा सीट पर उतारे प्रत्याशी




**भुवनेश्वर, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

कांग्रेस ने विधानसभा के लिए शनिवार को और एक उम्मीदवारों की सूची जारी की है। ओडिशा के तीन लोकसभा एवं 16 विधानसभा सीट पर पार्टी ने अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव के.सी.वेणुगोपाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए कहा है कि सम्बलपुर लोकसभा सीट से दुलाल चन्द्र प्रधान, केन्दुझर से मोहन हेम्ब्रम की जगह विनोद बिहारी नायक एवं आसिका से देवकांत शर्मा को पार्टी ने लोकसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है।उसी तरह से विधानसभा के लिए जिन 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं उसमें झारसुगुड़ा विधानसभा सीट से अमीता विश्वाल को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।इसके अलावा नीमापड़ा विधानसभा सीट से सिद्धार्थ राउतराय, खुर्दा विधानसभा सीट से सोनाली साहू, खंडपड़ा विधानसभा सीट से मनोज कुमार प्रधान, दसपल्ला विधानसभा सीट से नकुल नायक, गोपालपुर विधानसभा सीट से श्याम साहू, सुकींदा विधानसभा सीट से विभू भुषण राउत, महाकालपडा विधानसभा सीट से लोकनाथ महारथी को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। उसी तरह से चिलिका विधानसभा सीट से प्रदीप कुमार स्वांई, कविसूर्य नगर विधानसभा सीट से संजय कुमार मंडल, केन्द्रापड़ा विधानसभा सीट से शिप्रा मलिक, पिपिली विधानसभा सीट से ज्ञान रंजन पटनायक, बड़साही विधानसभा सीट से क्षिरोद चन्द्र पात्र, जयदेव विधानसभा सीट से कृष्ण सगरिया, कंटामाल विधानसभा सीट से मनोज कुमार आचार्य की जगह शरत कुमार प्रधान को पार्टी ने टिकट दिया है।

## लोकसभा चुनाव के बीच प्रधान न्यायाधीश ने लोगों से की वोट देने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह किया है। कहा कि यह संवैधानिक लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक है। लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग के माई वोट माई वायस मिशन के लिए वीडियो संदेश में जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिक हैं। संविधान हमें नागरिक के रूप में कई अधिकार देता है, लेकिन संविधान यह भी अपेक्षा करता है कि हममें से प्रत्येक अपना कर्तव्य निभाएं। वोट डालना सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक है।प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमारी महान मातृभूमि के नागरिक के रूप में जिम्मेदारी से मतदान करने का यह अवसर न चूकें।

## ईपीएफओ में फरवरी में शुद्ध आधार पर 15.48 लाख सदस्य जुड़े, 3 लाख से ज्यादा महिलाएं भी शामिल



**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में शुद्ध आधार पर 15.48 लाख सदस्य जोड़े। फरवरी, 2024 में लगभग 7.78 लाख सदस्यों ने पहली बार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन किया। सबसे ज्यादा नामांकन संख्या 18-25 आयु वर्ग की है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फरवरी, 2024 में लगभग 7.78 लाख सदस्यों ने पहली बार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन किया।फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों में इस वर्ग की हिस्सेदारी 56.36 प्रतिशत है।

आंकड़े बताते हैं कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा, मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी राशि को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना। 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख महिला हैं। महीने के दौरान महिला सदस्यों की शुद्ध संख्या लगभग 3.08 लाख रही।महिला सदस्यों का जुड़ना अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।

## मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे मची अफरातफरी- रेल यातायात प्रभावित

**अयोध्या, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

कटरा-अयोध्या रेल प्रखंड पर शनिवार की रात मालगाड़ी से चार डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा रामघाट हाल्ट और अयोध्याधाम जंक्शन के बीच हुआ। इस घटना के बाद कटरा(गोंडा) और दर्शननगर तथा अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन पर यातायात प्रभावित हो गया है। दुर्घटना राहत यान लेकर पहुंचे रेल अधिकारियों ने मालगाड़ी को पटरी पर लाने का प्रयास शुरू कर दिया है। मालगाड़ी गोरखपुर से कटरा होते हुए बाराबंकी की ओर जा रही थी। अचानक रामघाट हाल्ट और अयोध्याधाम के बीच चार डिब्बे पटरी से उतर गए। एक रेल अधिकारी ने बताया कि मालगाड़ी को पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बीजद ने जारी की विधानसभा प्रत्याशियों की छठी लिस्ट, पांच विधायकों का कटा पत्ता



**भुवनेश्वर, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

बीजू जनता दल ने विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी कर दी है। बीजद की छठी सूची में शामिल कुल 9 उम्मीदवारों में से 4 नए चेहरे हैं, जबकि 4 महिला को भी टिकट दिया गया है। वर्षा प्रियदर्शिनी को बड़चड़ा, सनातन महाकुड़ को चंपुआ विधानसभा सीट से, केंद्रपाड़ा से गणेश्वर बेहेरा, चिलिका से रघुनाथ साहू को, आनंदपुर अभिमन्यु सेठी को, सारसकणा से देवाशीष मरांडी को, रेमुणा से विद्यास्मिता महालिक को, सिमुलिया से सुभाषिनी साहू को एवं करंजिया विधानसभा सीट से बासंती हेंब्रम को बीजद ने अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, पार्टी ने अपनी छठी सूची में अपने पांच विधायकों के टिकट काट दिए हैं। इसमें से तीन पूर्व मंत्री हैं। केंद्रपाड़ा विधायक तथा पूर्व मंत्री शशिभूषण बेहरा, सिमुलिया विधायक ज्योति प्रकाश पाणिग्रही तथा बड़चणा विधायक अमर प्रसाद शतपथी का टिकट कटा है, जो पूर्व में मंत्री रह चुके हैं।

इसके अलावा आनंदपुर विधायक भागीरथी सेठी तथा चंपुआ विधायक मीनाक्षी महंत का नाम शामिल है, जिन्हें बीजद ने इस बार टिकट नहीं दिया है। उल्लेखनीय है कि बीजद ने अभी तक 147 विधानसभा सीट में से 135 सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। 12 सीट पर अभी भी उम्मीदवार घोषित करने हैं।वहीं, भाजपा ने अभी तक 16 सीटों पर नाम घोषित नहीं किए हैं, जबकि कांग्रेस ने अभी तक 125 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी ने 22 सीट पर अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। बीजद ने अभी तक घोषित 135 विधानसभा सीट में से 32 महिला उम्मीदवार उतारे हैं।

## झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा कल, PSC की रक्षा व सेना अकादमी का एग्जाम भी होगा आयोजित, धारा 144 लागू



**मेदिनीनगर, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

सदर अनुमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर रविवार को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित होगी। इसे लेकर सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। परीक्षा सुबह 10.30 बजे से 12. 30 बजे तक संचालित होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच से अधिक व्यक्तियों का मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति का परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा।

सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (1) एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (1), 2024 का आयोजन रविवार को आयोजित की जाएगी।रक्षा सेवा परीक्षा (1) 2024 प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से पूर्वाह्न 11.00 तक, द्वितीय पाली में दोपहर 12.00 बजे से अपराह्न दो बजे तक तथा तृतीय पाली अपराह्न तीन बजे से अपराह्न पांच बजे तक आयोजित होगी। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा 2024 प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से अपराह्न साढ़े बारह बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न दो बजे से अपराह्न साढ़े चार बजे तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों होगी।

कदाचारमुक्त परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

## 25 अप्रैल को उपस्थित हों अन्यथा..., मालेगांव मामले में प्रज्ञा ठाकुर को कोर्ट ने क्या कुछ कहा



**मुंबई, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

मुंबई की एक विशेष अदालत ने शनिवार को भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर को मेडिकल ग्राउंड पर मालेगांव विस्फोट मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की याचिका स्वीकार कर ली। हालांकि, कहा कि अगर वह 25 अप्रैल को अदालत में पेश होने में विफल रहीं, तो आवश्यक आदेश पारित किया जाएगा। 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में एक मस्जिद के पास विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे। आठ अप्रैल को प्रज्ञा ठाकुर की चिकित्सा रिपोर्ट पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए विशेष एनआइए न्यायाधीश एके लाहोटी ने व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी थी, लेकिन सांसद को 20 अप्रैल को अदालत के समक्ष बिना किसी असफलता के उपस्थित रहने कहा था। हालांकि, जब शनिवार को अदालत की कार्यवाही शुरू हुई, तो ठाकुर ने वकील के माध्यम से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए आवेदन दायर किया और दावा किया कि वह गंभीर स्थिति का सामना कर रही हैं। याचिका में कहा गया है कि उन्हें उम्मीद है कि वह 25 अप्रैल को अदालत के समक्ष उपस्थित रहेंगी।

## हमारा उद्देश्य तानाशाही को समाप्त करना है, सीएम चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान रैली की तैयारियों का जायजा लेने के बाद शनिवार के दोपहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य इस देश से तानाशाही को समाप्त करना है। आप लोगों ने देखा है कि कैसे लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं। जिसके नाम पर हम लोगों ने सरकार बनाई है उसे साजिश के तहत फंसाकर जेल भेज दिया गया है। ऐसा ही कांड नई दिल्ली की सरकार के साथ भी हुआ है। इस रैली का मकसद देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना भी है।पहले दिल्ली में सरकार को गलत तरीके से हटाया गया। झारखंड में भी ऐसे ही प्रयासों को देखकर झामुमो को नेतृत्व में परिवर्तन का निर्णय लेना पड़ा। जरा सोचिए, जिस चेहरे को दिखाकर हमें बहुमत मिली वही सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है।पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई और झारखंड कैबिनेट में मंत्री बसंत सोरेन ने शनिवार को उलगुलान रैली को लेकर प्रभात तारा स्कूल के मैदान में तैयारियों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब-जब झारखंड की जनता का शोषण हुआ है, यहां उलगुलान हुआ है। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कुछ लोगों को उलगुलान नाम पर विरोध है और कहा कि जब-जब झारखंड की जनता के साथ शोषण हुआ है, तब-तब उलगुलान हुआ है।

## कम उम्र में ही सता रहा है जोड़ों का दर्द, तो हड्डियों को लोहे जैसा बनाने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स

**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

गलत खानपान और रहन-सहन का असर सीधे तौर पर सेहत पर देखने को मिलता है। आजकल तो लोग कम उम्र में ही घुटनों, कंधों और कमर में दर्द से जूझते दिखाई देते हैं। ऐसे में हल्की फुल्की चोट भी फ्रैक्चर का कारण बन जाती है। अगर आप भी इस शरीरिक कमजोरी को हल्के में लेते हैं, तो सावधान हो जाने की जरूरत है। बता दें, कि जवानी के दिनों में भी बोन हेल्थ का सही ख्याल रखना काफी जरूरी है। आर्टिकल में आपको ऐसे 5 टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप भी अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं। हड्डियों को हेल्दी रखने के लिए शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देनी चाहिए। इसके लिए आप ड्राई फ्रूट्स, डेयरी प्रोडक्ट्स और सोया उत्पादों का सेवन कर सकते हैं। साथ ही, हरी पत्तेदार सब्जियां और ताजे मौसमी फल भी आपको जरूर खाने चाहिए। अगर आप नॉन वेज खाते हैं, तो मछली और अंडे का दिल खोलकर सेवन कर सकते हैं। यह विटामिन डी का अच्छा सोर्स माना जाता है। साथ ही, दूध, साबुत अनाज और



मशरूम भी विटामिन डी के अच्छे सोर्स में से है, जिनका सेवन करने से ओवरऑल हेल्थ को फायदा मिलता है। हड्डियों को मजबूती देने के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिलना भी बेहद जरूरी है। इसकी कमी को दूर करने के लिए आप दूध, दही, सोयाबिन, चने, पालक, ब्रोकली, राजमा आदि का सेवन कर सकते हैं।रोजाना का शेड्यूल भी हड्डियों पर काफी असर डालता है। अगर आप ज्यादा चलते फिरते नहीं हैं या अधिकतर समय सोने में बिताते हैं, तो इससे भी बॉडी का पोस्चर बदलने लगता है और कम उम्र में ही जोड़ों के दर्द का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि खानपान के साथ-साथ आप फिजिकल एक्टिविटी पर भी ध्यान दें।

अल्कोहल के ज्यादा सेवन से भी शरीर का ढांचा खोखला होने लगता है। साथ ही स्मोकिंग की लत भी फेफड़ों के साथ-साथ हड्डियों को नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में थोड़ी सी एक्सरसाइज के बाद सांस फूलने लगती है और हड्डियां जवाब दे जाती हैं। इसलिए अच्छी बोन हेल्थ के लिए इन दो चीजों से भी दूरी बनाना भी बेहद जरूरी है।

# स्कीम लाने की हमारी कोई योजना नहीं, चुनावी बॉन्ड पर छिड़े विवाद के बीच वित्त मंत्री ने किया साफ

**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**



चुनावी बॉन्ड को लेकर फिर से छिड़े विवाद के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि साक्षात्कार में भी उन्होंने नहीं कहा था कि चुनावी बॉन्ड लाने की हमारी कोई योजना है। उन्होंने कहा कि हमसे पूछा गया था कि क्या चुनावी बॉन्ड को लेकर आप लोग कुछ करना चाहेंगे तो हमने कहा कि अगर इसे लेकर कुछ करना पड़ा तो हम निश्चित रूप से इस पर विचार करेंगे कि इससे जुड़े स्टेकहोल्डर्स इस पर अपना क्या इनपुट देते हैं और निश्चित रूप से वह अभी के चुनावी बॉन्ड स्कीम से बेहतर होना चाहिए। दरअसल एक साक्षात्कार में यह बात आई थी कि निर्मला ने फिर से चुनावी बॉन्ड लाने की बात कही है। इसे लेकर कपिल सिब्बल समेत कई नेताओं ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया था।

निर्मला ने कहा वर्तमान का चुनावी बॉन्ड पूर्व के चुनावी दान की व्यवस्था से निश्चित रूप से अधिक पारदर्शी व्यवस्था थी। कम से कम चुनावी बॉन्ड से एक खाते से दूसरे खाते में पैसा जा रहा था। जबकि इससे पूर्व की व्यवस्था में ऐसी बात नहीं थी। सिब्बल ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा यह दावा कर रही है कि चुनावी बॉन्ड स्कीम पारदर्शिता के लिए लाई गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया। उन्होंने कहा कि सीतारमण ने एक साक्षात्कार में कहा है कि हम लोग फिर फिर से चुनावी बॉन्ड को लाएंगे। सिब्बल ने कहा कि सीतारमण का यह बयान सुप्रीम कोर्ट के कथन के विपरीत है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनावी बॉन्ड स्कीम पारदर्शी नहीं है और इसे अपारदर्शी तरीके से लाया गया।

सिब्बल ने कहा कि अब निर्मला सीतारमण यह कह रही है कि हम चुनाव जीतेंगे और इस व्यवस्था को वापस लाएंगे। सिब्बल ने आरएसएस प्रमुख पर भी आरोप लगाया कि वह चुनावी बॉन्ड स्कीम के मामले में चुप क्यों हैं।गौरतलब है कि चुनावी बॉन्ड को विपक्ष ने मुद्दा बनाया हुआ है। इसे भ्रष्टाचार का तंत्र बताया जा रहा है, जबकि भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई नेताओं का यह कहना था कि चुनावी बॉन्ड होने के कारण ही यह पता चल पाया कि किसने किसको कितना चंदा दिया था। पुरानी व्यवस्था में तो इसका पता ही नहीं चल सकता था।भाजपा की ओर से यह भी आंकड़ा दिया गया था कि चुनावी बॉन्ड से भी भाजपा को कुल चंदे का 37 फीसद ही मिला था। बाकी का 63 फीसद तो विपक्षी दलों को गया था।

## हेमंत सोरेन मामले में सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में भेजा, ईडी ने 12 दिनों तक रिमांड पर की ये पूछताछ

**रांची 21 अप्रैल।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन को 12 दिनों तक रिमांड पर पूछताछ के बाद ईडी ने शनिवार को रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत के आदेश पर ईडी ने सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में भेज दिया है।सद्दाम हुसैन गत वर्ष 14 अप्रैल 2023 को सेना के उपयोग वाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार हुआ था। उसके बाद से ही वह जेल में था। उस वक्त बड़गाईं अंचल का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद भी पकड़ा गया था, जिसके आवास से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिले थे। इसके बाद बड़गाईं अंचलाधिकारी के बयान पर भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध एक जून 2023 को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। ईडी ने रांची के सदर थाने में भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध दर्ज कांड में ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच की तो पाया कि बरियातू की 8.86 एकड़ भुइहरी प्रकृति की भूमि को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हड़पने की कोशिश की।इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। हेमंत सोरेन के बाद पहले से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन, अफसर अली को इस केस में भी ईडी ने गिरफ्तार किया।

# गांव-गुलेल और गिट्टी





*विजय मानिकपुरी*

गांव के बच्चे गुलेल को न जाने ऐसा बिल्कुल सम्भव नहीं है। गुलेल का उपयोग सबसे पहले कहां हुआ ? कौन इसका आविष्कारकर्ता है? इसमें पड़ने की बजाय हम गुलेल की वह यादें याद करना चाहते हैं, जहां आम, ईमली, बेर, जामुन, आंवला, गंगा-ईमली आदि तोड़ने के लिए उपयोग में लाते थे.. !

बचपन के दिनों में तालाब, नदी, खेत, बाड़ी, जंगल जब दोस्तों के साथ घूमने जाते थे, तब बबूल, नीम, अमरूद की डंठलों और सायकल की टिव से बनाए गुलेल हाथ में जरूर होते थे!

कभी बिजली के तारों, वृक्षों में बैठे पक्षियों को निशाना लगाते तो कभी फलों को तोड़ने में नजर गड़ाते..! वह बचपन की यादें कैसे भूल पाएंगे..! सायकल एक लेकिन सवारी एक नहीं बल्कि तीन-चार हुआ करते थे..! शरारत की वह उम्र भी अजीब है..! मधुमक्खी के छत्ते पर गुलेल की निशान और मधुमक्खी के उग्र रूप को उस उम्र ने भी दिलेरी से सामना किया है...!

कभी कुएं में घड़े लेकर पानी लेने पहुंचती, उसके पहले दोस्तों की हारजीत की बाजी ने गुलेल के निशाने से कई मटके तोड़ने का रिकॉर्ड कायम भी किए हैं..!

यह गुलेल बॉलीवुड में भी खूब वाहवाही लूटी है..बदमाशों के छक्के छुड़ाया है.. तो रियल लाइफ में सुरक्षा कवच भी बना है।

गुलेल सिर्फ निशाने लगाकर शिकार करने की कला नहीं सिखाती बल्कि एकाग्रचित्त मन, धीरज व संयम का गुण भी विकसित करती है..! गुलेल के दौर में जहां खिड़कियों के कांच तोड़ने की अदभुत बाजीगिरी भी हमने देखा-सीखा है..!

एक दोस्त, गुलेल को अपने पास रखे हुए थे.. बाजार का दिन था.,एक राहगीर को किसी ने गिट्टी-पत्थर मार दिया..! सिर से खून टपकने लगा..! दोस्त के पिताजी बाजार आए थे.!. घायल व्यक्ति से पूछने लगा.. हम लोग वहां से जाने लगे.. दोस्त के पिताजी कहने लगे, चिंता मत करो, ज्यादा चोट नहीं लगा है, लेकिन चोट कैसे लगा है..यह मैं भली-भांति समझ गया हूँ.., दोस्त के पिताजी हमें देखते, इसके पहले अपने- अपने घर पहुंच गए.. शाम करीब 6 बज रहा था.. घर में लालटेन जल चुका था.. चूल्हे से धुआं निकल रहा था.,। एक लालटेन को सामने रखकर मैं वंडर ऑफ साइंस एसे पढ़ने में मशगूल हो गया..! घर से बाहर.. मैं नहीं.. मत मारो.. अब रहने दो.. इनसे पूछ लो..उनसे पूछ लो... बजरंगबली की कसम.. मैं नहीं...ये तमाम वाक्या मैं अंग्रेजी पुस्तक को खोलकर रखा था लेकिन कान व दिमाग उस आवाज की तरफ चले गया था..!

इतने में मेरे दोस्त के पिताजी, मेरे दोस्त के सर की बाल खींचकर मेरे पास धमक गए.. बोलो.. तुम दोनों ने ही बाजार में उस बेचारे का सिर, गुलेल से मारा है न..?

मैं कुछ कहता, इसके पहले दोस्त के पिताजी कहने लगा..वह गुलेल इनके जेब में मिला है..! तुम दोनों बाजार में थे.. अब तुम भी झूठ बोलेगे..! यह बात सुनते ही मेरी माँ, चूल्हा के पास से चिमटा लेकर पहुंची और मेरे पैर-पीठ व हाथ में बरसाने लगी..!

मैं कुछ बोलता.. इतने में पड़ोसी कहने लगे.. अब छोड़ दो.. गुलेल से, धोखा से गिट्टी-पत्थर लग गया होगा..! जानबूझकर तो किया नहीं होगा.? रात करीब पौने आठ बज गया था..भूख लगने लगी थी..! आखिरी माँ बुलाकर खाना परोसने लगी.. बोलने लगी जा तुम्हारे दोस्त को भी बुला ले.. उसे बहुत मार पड़ी है.. खाना नहीं खाया होगा..दोनों एक साथ खा लो..! मैं, उसे, उनके घर बुलाने गया..! उनके पिताजी दरवाजा खोला..! उनसे कहा, दोस्त को खाने के लिए माँ बुला रही है..! यह आवाज सुनकर, दोस्त चौखट के पास पहुंचे.. उनके पिताजी उन्हें इशारे करके कहने लगे, जाओ खाना खा लो.. और वहीं सो भी जाना..ठीक से पढ़ाई भी करना..!

दोनों दोस्त भोजन किए..., अंग्रेजी का वंडर ऑफ साइंस पढ़ना कम..! रात दो-ढाई बजे तक यही सोचते रहे कि हमने गुलेल चलाया नहीं, उस व्यक्ति के सिर पर गिट्टी-पत्थर मारा नहीं, फिर हम दोनों को मार क्यों पड़ी.!

उस रात तय कर लिए कि गुलेल अब बाजार लेकर नहीं जाएंगे..न गुलेल को हाथ लगाएंगे.. सुबह उठे..पेपर बांटने सायकल लेकर निकल पड़े, मार माँ की मार भूल गए..सब कसमें भूल गए..स्कूल गए.. घर वापस आए..!

पुस्तक-कॉपी के थैले घर में रख दिए..! हम दोनों दोस्त गुलेल लेकर तालाब के किनारे मन्दिर के पास बैठकर यही दिमाग लगाते रहे कि बाजार में गुलेल लेकर गए जरूर थे, लेकिन गुलेल चलाया नहीं, फिर मार क्यों पड़ी.. !! बाद में याद आया.. उस पीपल के पेड़ में तोता थी, उसको कई बार गुलेल से निशाना लगाया..लेकिन गुलेल के निशाने से तोता बच निकलती..!

लेकिन वह पत्थर उस डाल में फंसी थी, बाजार के दिन, शाम के समय हवा चलने लगी थी और वही गिट्टी-पत्थर गिरकर उस राहगीर के सिर में लग गया था. और उन्हीं के नजदीक हम लोग खड़े थे...! काफी मनन करने के बाद पता चला कि गुलेल का निशाना तोता पर तो नहीं लगा लेकिन उस राहगीर के सिर में जरूर लग गया..! उस घटना को याद करके हम दोनों दोस्त आज भी खिलखिला उठते हैं..! सचमुच, वह गुलेल की यादें, आप लोग भी याद कीजिए.. मन को, तन को कुछ समय के लिए उस सुनहरे बचपन की यादों में लौटा लीजिए..!

***( लेखक जनसंपर्क विभाग के अधिकारी है )***

# गर्मियों में आरामदायक और ट्रेंडी दिखने के लिए वॉर्डरोब में शामिल करें ये फुटवियर्स

**फुटवियर किसी भी लुक को पूरा करने के लिए सबसे जरूरी है और इसे ही सबसे ज्यादा इग्नोर किया जाता है. गर्मियों के मौसम में अगर आपको स्टाइलिश और कम्फर्टेबल दिखना है, तो इन ट्रेंडी फुटवियर्स को ट्राई करें.**



इस बार गर्मियों में स्टाइलिश दिखने के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इस तरह के फुटवियर्स फुटवियर किसी भी पहनावे का एक बेहद जरूरी हिस्सा है, जो लुक को बना भी सकते हैं और बिगाड़ भी सकते हैं. यहां कुछ ट्रेंडिंग समर फुटवियर दिए गए हैं, जो आपके वॉर्डरोब में जरूर होने चाहिए.

चमड़े के चप्पल- लेदर सैंडल गर्मी के मौसम में पहनने के लिए आरामदायक और हवादार होते हैं और शॉर्ट्स, स्कर्ट और जींस के साथ अच्छे लगते हैं. लेदर सैंडल्स हर चीज़ के साथ मेल खाते हैं, साथ ही आपके एथनिक वॉर्डरोब को भी कवर करते हैं.

क्लॉग्स - क्लॉग्स मुख्य रूप से पैरों को सुरक्षा प्रदान करते हैं, जो खेती करने वाले और कारखानों में काम करने वाले मुख्य रूप से पहने हैं. पहले, ये किसानों और मजदूर वर्ग के सस्ते और लोककथाओं के जूते से जुड़े थे, जो स्वीडिश और जापानी धरती से भारत आए थे. हालांकि, आज से एक फैशन स्टेटमेंट बन चुके हैं. गर्मियों के लिए ये जूते सांस लेने योग्य हैं और पैरों को ठंडा रखने के साथ ही अधिक गर्मी से भी बचाते हैं.

कोल्हापुरी- कोल्हापुरी चप्पल में उपयोग किए जाने वाले चमड़े में कोई एलर्जी विशेषता नहीं होती है और यह नरम, रेशमी और हल्के आधार के साथ आते हैं. ये शरीर की गर्मी और पसीने को भी अवशोषित करते हैं और डॉक्टरों द्वारा इन्हें पहनने की सलाह दी जाती है.

एस्पैड्रिल्स- एस्पैड्रिल्स कपास, लिनन और कैनवास जैसी हल्की सामग्री से बने होते हैं. वे मुख्य रूप से गर्मी के दिनों में पहनने के लिए डिजाइन किए गए होते हैं, जो सांस लेने योग्य और आरामदायक होते हैं. ये अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में आते हैं, जो इसे गर्मियों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है.

म्यूल्स- म्यूल्स ऊंची एड़ी के जूते का एक आदर्श विकल्प हैं और इन्हें पहनना आसान है. इसे पहनकर चलना आरामदायक होता है साथ ही ये आपको ठंडा भी रखते हैं. चाहे वह ओपन हो या कोल्स टिप. म्यूल्स महिलाओं के बीच काफी पॉपुलर होते जा रहे हैं और अब पुरुष भी उन्हें अपने समर वार्डरोब में शामिल करने लगे हैं.



# पुराने सोफे को देना है नया लुक तो अजमाएं ये तरीके

क्या आपका पुराना सोफा बोरिंग और बेजान लगने लगा है तो आप कुछ आसान और सस्ते तरीके अपनाकर सोफा को फिर से नया और आकर्षक लुक दे सकते हैं. आइए जानते हैं कैसे?

घर का सोफा न सिर्फ आराम का स्थान होता है बल्कि यह लिविंग रूम की शोभा भी बढ़ाता है. पर, समय के साथ सोफे पुराने और बेजान लगने लगते हैं. यहां कुछ आसान तरीके हैं जिनसे आप अपने पुराने सोफे को नया लुक दे सकते हैं.

सोफे को नया कवर दें

बाजार में विभिन्न डिजाइन और रंगों में सोफा कवर उपलब्ध हैं. एक नया और आकर्षक कवर चुनकर आप अपने सोफे को तुरंत नया लुक दे सकते हैं.

कुशन और तकिए बदलें: नए, रंग-बिरंगे कुशन और तकिए आपके सोफे को नया लुक दे सकता है. ये न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि देखने में भी बहुत सुंदर लगते हैं.

सफाई और मरम्मत

कभी-कभी सोफे को बस एक अच्छी सफाई की जरूरत होती है. विशेष सफाई उत्पादों और तकनीकों से सोफे की सफाई करें. यदि सोफे में खराबी है तो उसकी मरम्मत कराएं.

पेंट या डाई

कुछ सोफे के कपड़े को डाई करना संभव होता है. अगर आपका सोफा इसके लिए उपयुक्त है तो आप अलग लुक दे सकते हैं.

नई एक्सेसरीज़ जोड़ें

सोफे पर नई एक्सेसरीज़ जैसे कि फूलों का गुच्छा, एक सुंदर टेबल लैम्प या डेकोरेटिव आइटम रखकर आप सोफे के आसपास का माहौल बदल सकते हैं.

## कैटरीना कैफ की हमशक्ल एक्ट्रेस एमी एला का बिंदास फोटोशूट, दिए ऐसे-ऐसे कातिलाना पोज



इंडियन-ऑस्ट्रेलियाई एक्ट्रेस और मॉडल एमी एला आए दिन अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। अपने डांस और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के लिए मशहूर इस मॉडल को कैटरीना कैफ की हमशक्ल भी कहा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखक हर कोई उनका दीवाना हो गया है। एक्ट्रेस और मॉडल एमी एला सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो उनकी तस्वीरें तेजी से वायरल होने लगती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस इंटरनेट मीडिया स्टार हैं और आए दिन अपनी बोल्डनेस ने फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनका हर एक अंदाज फैंस के बीच छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस एमी एला ने अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकर रहे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का ब्रालेट टॉप और उसके बाहर से श्रग कैरी किया है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। नो मेकअप लुक, अपने बालों को ओपन कर के और साथ ही चेहरे पर क्यूट सी स्माइल देकर एक्ट्रेस एमी एला ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एमी एला अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। साथ ही अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए सोशल मीडिया का तापमान भी बढ़ा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस एमी एला कैटरीना कैफ की तरह हर अंदाज में कहर बरपाती हैं। और उनकी तरह सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। उन्हें इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

## रोहित शेट्टी के शो में नीति टेलर की होगी एंट्री



रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए अब तक मन्नारा चोपड़ा, अभिषेक मल्हान, अभिषेक कुमार, मनीषा रानी, समर्थ जुरेल, निमृत कौर अहलूवालिया, हेली शाह से संपर्क किया गया है. अब एक और दिलचस्प अपडेट में ये कहा गया है कि बड़े अच्छे लगते हैं 2 में प्राची का किरदार निभाने वाली नीति टेलर को मेकर्स ने अप्रोच किया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, नीति टेलर जो पार्थ समथान की कैसी ये यारियां में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं, से रोहित शेट्टी के शो के निर्माताओं ने संपर्क किया है. हालांकि नीति ने अभी शो के लिए हां नहीं किया है. ऐसा कहा जा रहा है कि एक्टेस को प्रस्ताव पसंद आया है, लेकिन अभी शो में जाने लिए वह थोड़ा समय ले रही हैं. खतरों के खिलाड़ी 14 के बारे में बात करते हुए कहा गया है कि निमृत कौर अहलूवालिया, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और गशमीर महाजनी को शो के लिए कन्फर्म कर दिया गया है. वहीं कल समर्थ जुरैल ने निमृत कौर अहलूवालिया के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिससे फैंस को लग रहा है कि क्या खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है.इसके अलावा मुनव्वर फारुकी रोहित शेट्टी के शो में शामिल होने वाले थे.

## शब्द सामर्थ्य -033

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 032 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर हुई रिलीज



यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 इस साल 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और महज 20 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 110.57 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद अब आर्टिकल 370 ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। आर्टिकल 370 में प्रियामणि, स्कंद ठाकुर, अश्विनी कौल, वैभव तत्ववादी, अरुण गोविल और किरण करमरकर जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है, वहीं फिल्म का निर्माण यामी के पति और निर्देशन आदित्य धर ने किया है।फिल्म की कहानी आदित्य ने मोनाल ठाकर के साथ लिखी है।इस फिल्म में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के दौरान आई चुनौतियों को दिखाया गया है।

# छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण का मतदान हुआ संपन्न,नदारद रहे कांग्रेस के राज्यसभा सांसद

## जायसवाल ने पूछा- जनता को बताए कहां खर्च हुआ सांसद निधि का पैसा



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ियावाद का ढोल पीटने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के कोटे से दीगर प्रदेशों के नेताओं को राज्यसभा में भेजकर जो छल छत्तीसगढ़ के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ किया था, उस करनी का फल आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भोग रही है।

श्री जायसवाल ने कहा कि शनिवार को भाजपा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कोटे से चुने हुए राज्यसभा सदस्यों को खोजने के लिए पोस्टर जारी कर पूछ रही है कि आखिर प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हो गया, लेकिन अभी तक ये सांसद दिखाई क्यों नहीं दिए? जिला अध्यक्ष ने कहा कि तीनों कांग्रेस नेता के.टी.एस. तुलसी, राजीव शुक्ला और रंजीता रंजन छत्तीसगढ़ के कोटे से नहीं, भूपेश बघेल के आका के कोटे से छत्तीसगढ़वासियों का हक छीनकर राज्यसभा सदस्य बने हैं और अब इन्हें छत्तीसगढ़ से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। भूपेश बघेल, जिन्होंने अपने आकाओं को खुश करने के लिए इनको राज्यसभा सदस्य बनवाया, वे छत्तीसगढ़वासियों को स्पष्ट करें कि उनकी सांसद निधि का पैसा छत्तीसगढ़ में कहाँ-कहाँ खर्च हुआ है? या फिर, क्या यह पैसा भी उनके आकाओं की सेवा में लग गया है? श्री जायसवाल ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद लगातार छत्तीसगढ़वासियों का अपमान कर रहे हैं। रंजीता रंजन ने कहा था कि सभी नक्सली बुरे नहीं होते। यह सीधा-सीधा नक्सली घटनाओं में शहीद हुए सैनिकों का अपमान है। जिसका कटाक्ष करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में अनिच्छुक, उपेक्षित,थके लोकसभा प्रत्याशियों को कांग्रेस ने भी उनके हाल पर छोड़ दिया है। शुक्रवार को रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की नामांकन रैली में न तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद थे और न ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज उपस्थित थे। ऐसे हालात देखकर यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि कांग्रेस में अंतर्कलह से उपजी हताशा पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है।

## बस से उतर कर भाग रहे यात्री से मिला गांजा

**वाड्रफनगर।** बनारस मार्ग पर वाड्रफनगर पुलिस चौकी के समीप यात्री बस की जांच के दौरान बस से उतर कर भागने का प्रयास कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया.पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो पांच किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। आरोपित प्रमोद राय ग्राम मनिहारीपुर थाना रोहनिया जिला बनारस का रहने वाला है। वह गांजा लेकर बनारस की ओर जा रहा था। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर इन दिनों बलरामपुर जिले में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। अंबिकापुर - बनारस मुख्यमार्ग में वाड्रफनगर चौकी के सामने वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान अंबिकापुर से बनारस जा रही वासूदेव बस को रोक कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान एक व्यक्ति बस से उतर कर बैग लेकर पुलिस चौकी के पीछे जंगल की ओर भागने लगा, जिसे पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर अपना नाम प्रमोद राय ग्राम मनिहारीपुर थाना रोहनिया का निवासी बताया। बैग की जांच करने पर पांच किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपित ने पूछताछ में बिक्री के लिए गांजा ले जाने की स्वीकारोक्ति की। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह, एएसआई मानसिंह मरकाम, राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक पेत्रुस तिर्की, आरक्षक जुगेश जायसवाल, शिवपटेल, दुर्योधन सिंह, श्रीकांत यादव शामिल रहे।

# जिला अस्पताल की अव्यवस्था को लेकर उठते सवाल जेडीएस का खाता सीज, खर्चों पर रोक से बिगड़ी व्यवस्था




**कोरिया बैकुंठपुर।** स्वास्थ विभाग में खरीदी व वाहन में डीजल भुगतान का मामला चर्चित तो रहा ही अब जिला अस्पताल में अनियमितता की जाँच को लेकर जीवन दीप समिति का खाता सीज होने व खर्चों पर रोक लगने की वजह से अस्पताल में व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। आपको बता दें कि जीवन दीप समिति में अनियमितता की जांच को लेकर जेडीएस का खाता सीज किया गया था। ऐसे में जांच पूरी नहीं होने के कारण अस्पताल में कूलर व पंखों की मरम्मत तक नहीं हो पा रही है। जिससे पढ़ रही भीषण गर्मी में मरीज सहित हॉस्पिटल पहुँचने वाले परिजन भी परेशान हैं !

जीवन दीप समिति के खाते की जांच पूरी नहीं होने के कारण मामले में अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो सकी है और न ही खाता खुल सका है। जेडीएस का खाता सीज होने के कारण अस्पताल में कई तरह की परेशानियां सामने आ रहीं हैं। 38 डिग्री तापमान के बीच जिला अस्पताल में कूलर की सुविधा से मरीजों को वंचित होना पड़ रहा है। अस्पताल के ज्यादातर वार्ड में पंखे बंद पड़े हैं। कुछ पंखे खराब हो गए हैं जहां नए पंखों की जरूरत है। गर्मी बढ़ते ही अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पंखे व कूलर बंद होने से मरीज और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं। अस्पताल में रोजाना 250 से ज्यादा ओपीडी हो रही है। गंभीर मरीजों की समस्या तो और बढ़ गई है। मेल वार्ड में भर्ती मरीज के परिजन परेशान हैं। ऐसे में दुर्घटना में घायल भर्ती मरीजों का गर्मी के कारण बुरा हाल है। गर्मी से राहत पाने के लिए परिजन मरीज को गमछे से हवा दे रहे हैं। अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन के लिए पीने के ठंडे पानी तक की व्यवस्था नहीं है। मरीज पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझा रहे हैं। मरीजों के परिजन भी पानी के लिए अस्पताल परिसर में भटकते रहते हैं। लोगों को पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में लगा एसी भी काम नहीं कर रहा है। इससे ब्लड डोनेट करने पहुंचने वालों को भी राहत नहीं है। अस्पताल में पूर्व सीएस के कार्यालय में जेडीएस से खरीदी में अनियमितताओं का आरोप है। जिस कारण प्रशासन ने जेडीएस के खाते को सीज कर जांच कमेटी बिठाई है। जांच पूरी होने के बाद ही खाता खुलेगा। वहीं, अस्पताल के अन्य डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल में जरूरत की सामग्री की खरीदी में दिक्कत आ रही है। जेडीएस से पार्ट्स व नई खरीदी के लिए कलेक्टर से अनुमति लेने की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी ओर तपिश भरी धूप से गैलरी में गर्म हवा आ रही है। यही हाल बर्न एण्ड सर्जिकल वार्ड में भी है। जेडीएस का खाता बंद होने के कारण अस्पताल में कूलरों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। जबकि मरम्मत कार्य फरवरी व मार्च तक पूरा हो जाना चाहिए था।

सीएमएचओ डॉ. आर. एस. सेंगर ने कहा कि जेडीएस को सीज इसलिए किया गया था क्योंकि जीवनदीप में कुछ अनियमितता पाई गई थी, लेकिन आवश्यक खर्चों को मंजूरी देने के लिए कोई पाबंदी नहीं है। पाबंदी अनावश्यक खर्चे पर है। बंद कूलर, पंखों पर कहा कि अस्पताल को फरवरी में ही लेटर दिया गया था, मरम्मत कराने के लिए, कुछ पंखे, कूलर की मरम्मत हो गई है, कुछ काम बचे हैं जल्द पूरा करा लिये जाएंगे।

## बीईओ ने बच्चों को दिया न्योता भोज

**बतौली।** शनिवार को माध्यमिक शाला टेडगा में विकास खंड शिक्षा अधिकारी शरद चंद्र मेषपाल के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। शिक्षकों के माध्यम से एक दिन पूर्व सभी छात्र छात्राओं को न्योता दिया गया था । शनिवार का न्योता भोजन मेषपाल की पुत्री अदिति मेष पाल के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेषपाल ने कहा उनकी पुत्री के जन्मदिन पर पूरे 60 बेटे बेटियों के साथ जन्म दिन मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ये सुखद संयोग है। आज के बाद मेरे परिवार के सभी सदस्यों का जन्म दिन किसी न किसी विद्यालय में ही मनाया जाएगा । जन्म दिन समारोह या वैवाहिक वर्षगांठ मनाने का सबसे अच्छा स्थान विद्या का मंदिर है इन बच्चों के साथ खुशिया मनाना परम सौभाग्य का विषय है।

## 27 ट्रेनें रद्द

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य 20 अप्रैल 21.00 बजे से दिनांक 21 अप्रैल को 6.00 बजे तक 9 घंटे का नॉन इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा।



# कलेक्टर ने भरी दोपहरी शेराडाँड पहुंचकर मतदान के लिए किया प्रेरित

## चेकपोस्ट का किया निरीक्षण, पानी, छांव का लिया जायजा

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आज भरी दोपहरी में सोनहत विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम शेराडाँड पहुंचकर मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किए। श्री लंगेह लगातार जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में जाकर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

इसी कड़ी में सोनहत विकासखण्ड के ग्राम शेराडाँड पहुँच कर मतदाताओं से मुलाकात किए। शेराडाँड में तीन परिवार के सदस्यों राम प्रसाद, दशरू, सिंगारो, सुमित्रा व महिपाल से मुलाकात कर मतदान करने के लिए उत्साहवर्धन किए। बता दें विगत वर्ष विधानसभा निर्वाचन में शेराडाँड मतदान केंद्र के सभी मतदाताओं ने मतदान में भाग लेकर एक मिसाल पेश किए थे। श्री लंगेह ने अकलासरई में बनाए गए एसएसटी यानी स्थैतिक निगरानी दल (स्टैटिक सर्विलांस टीम) चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने मौके पर पानी व छाँव की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने चेकपोस्ट में कार्यरत कर्मचारियों को जिम्मेदारी से काम करने के लिए उत्साहवर्धन किया। मौके पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, सोनहत जनपद पंचायत, सीईओ मनोज सिंह जगत सहित बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर भी उपस्थित थे।

# बोगस पेपर से कराई जमीन की रजिस्ट्री आरोपी को गिरफ्तार किया पुलिस ने

**अंबिकापुर।** फर्जी मुख्तारनामा से जमीन बिक्री के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है।मामले में एक आरोपित को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि ग्राम दरिमा निवासी मीना कुमारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके कब्जे एवं स्वत्व अधिकार की भूमि ग्राम दरिमा में स्थित है। आरोपित कृष्णा यादव द्वारा भूस्वामी के नाम से फर्जी मुखूतारनामा अपने नाम पर बनवा लिया गया था। इसमें से जमीन का कुछ हिस्सा मोहम्मद वासिम को बिक्री कर दिया गया। रजिस्ट्री को भी फर्जी बताकर शिकायत की गई थी। महिला ने शिकायत की थी कि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री के बाद उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। पुलिस की जांच में पता चला कि जमीन महिला की पैतृक जमीन हैं। आरोपित फर्जी रूप से रजिस्ट्री कर हड़पना चाह रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत प्राथमिकी की गई थी। पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपित सैयद इम्तियाज अली की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपित ने अपना नाम सैयद इम्तियाज अली (40) नवागढ़ थाना अंबिकापुर का होना बताया। आरोपित को



गिरफ्तार कर रिमांड तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मामले में एक आरोपित कृष्णा यादव (42) कुंदीकला थाना लुन्ड्रा वर्तमान निवासी गौरी वार्ड बौरीपारा अंबिकापुर को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा उप निरीक्षक सेतराम गहिर, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, रामचंदर कुजूर,महिला आरक्षक अंजलि चौधरी, आरक्षक मनीष सिंह, अकलेश यादव, दुर्गेश राजवाड़े, राज जायसवाल, राजीव एक्का, भूपेंद्र सिंह शामिल रहे।

## छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**बिश्रामपुर।** जयनगर इलाके के ग्राम पंचायत जमदेई में दसवीं कक्षा की एक छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कारण अज्ञात है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत जमदेई निवासी छात्रा दीपा यादव पुत्री शंभू यादव गुरुवार को घर में अकेली थी। इसी दौरान अचानक शाम को छात्रा ने घर के परछी का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्रा के माता-पिता, रिश्तेदार के यहां विवाह समारोह में शामिल होने गए थे, इसी दौरान छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा ने आत्महत्या किन वजहों से की है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा-पीएम के उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है।

# सेटअप के विरूद्ध स्टेनोग्राफर को किया नियुक्त, ले रहे लिपिक का काम

**सूरजपुर।** जल संसाधन संभाग सूरजपुर में स्टेनो ग्राफर का पद स्वीकृत नही होने के बावजूद 16 वर्षों से महिला स्टेनो ग्राफर से सहायक ग्रेड दो के पद पर कार्य कराए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। महिला स्टेनो ग्राफर के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत पर इंकम टैक्स समेत आइओडब्ल्यू द्वारा जांच की जा रही है। इसकी पुष्टि कार्यपालन अभियंता ने की है।

जल संसाधन संभाग सुरजपुर में स्टेनो ग्राफर का पद स्वीकृत नही है। उसके बावजूद जल संसाधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा 30 जून 2008 को जारी आदेश के तहत महिला स्टेनो ग्राफर को जल संसाधन संभाग सुरजपुर में पदस्थ कर उनसे सहायक ग्रेड दो पद का कार्य कराया जा रहा है। जिसकी पुष्टि अधीक्षण अभियंता श्याम बरनई परियोजना मंडल अंबिकापर ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत दी गई जानकारी में की है। महिला स्टेनो ग्राफर के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से लेकर विभाग व शासन प्रशासन के तमाम आला अफसरों से



लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की जा चुकी है। उसके बावजूद जांच कार्रवाई में हीलाहवाला की जा रही है। शिकायतकर्ता ने राज्य के मुख्य सचिव से लेकर संबन्धित विभाग व पुलिस महकमे में की गई शिकायत में प्रमाण के साथ स्टेनो ग्राफर के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कथित स्टेनो ग्राफर के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने से लेकर शासकीय सेवा में रहते हुए शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने तथा ड्यूटी में उपस्थिति दर्ज कर भूमि क्रय विक्रय हेतु स्टांप खरीदने और विक्रय पत्र निष्पादन करने की प्रमाणिक शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। वही स्टेनो ग्राफर का पद नही होने के बजाय 16 वर्षों से स्टेनो ग्राफर से सहायक ग्रेड दो के पद का कार्य कराए जाने की शिकायत कर तत्काल कार्रवाई की मांग भी की गई है। संपत्ति विवाद को लेकर लगातार शिकायत मिल रही है। यह सच है कि स्टेनो ग्राफर का पद स्वीकृत नही है। मंत्रालय के निर्देश पर महिला स्टेनो ग्राफर को कार्यालय में पदस्थ कर सहायक ग्रेड दो के पद पर कार्य कराया जा रहा है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में इंकम टैक्स विभाग समेत आईओडब्ल्यू व पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



## दूसरे दिन भी तापमान 40 पार

**अंबिकापुर।** उत्तरी छत्तीसगढ़ में लगातार दूसरे दिन भीषण गर्मी से राहत नहीं मिली। शनिवार को संभाग मुख्यालय अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 40 2 डिग्री दर्ज किया गया। इस सीजन में दूसरी बार पारा 40 के पार गया है। इस बीच एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसका प्रभाव रविवार से पड़ने की संभावना है। बादलों की आवाजाही बनी रहने से तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। इस दौरान कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की भी संभावना है। इस बार मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में जून माह तक भीषण गर्मी पड़ने का अलर्ट जारी किया गया है। इसका संकेत अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में दिखने लगा है। तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि होने से लोग गर्मी से बेहाल हैं। अंबिकापुर में लगातार दो दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। लोगों को रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। भीषण गर्मी से राहत पाने लोगों को दिन रात कूलर-एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव सोमवार से पड़ने लगेगा। आसमान में बादलों की आवाजाही बढ़ेगी लेकिन इसका ज्यादा असर मंगलवार से बुधवार को हो सकता है। इस दौरान तेज हव व गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

# ब्राह्मण समाज ने कराया 27 बटुकों का उपनयन संस्कार

**बैकुंठपुर कोरिया।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज कोरिया के द्वारा उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया,पटना हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सामाजिक उपनयन संस्कार समारोह में 27 बटुकों को मंत्रोचार के बीच विधि विधान से जनेऊ धारण कराया,आयोजन में सरगुजा संभाग से बटुक परिवार समेत शामिल हुए।

शुक्रवार को सुबह 8 बजे से प्रारंभ उक्त संस्कार समारोह हेतु बटुकों के वस्त्र से लेकर समस्त पूजन सामग्री की व्यवस्था ब्राह्मण समाज कोरिया के सदस्यों के द्वारा आपसी सहयोग से की गई थी। आचार्य पंडित सुयश देव महराज,पंडित मुकेश जी,पंडित सुरेश मिश्रा एवं पंडित देवेंद्र गौतम ने बटुकों को मंत्रोचार के साथ यज्ञोपवीत धारण करवाते हुए इसकी उपयोगिता व नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनेऊ धारण करना व इसके नियमों पर दृढ़तापूर्वक चलना प्रत्येक ब्राह्मण का नैतिक कर्तव्य है। उपनयन संस्कार के दौरान बटुकों को तेल हल्दी की रस्म के साथ ही मंडप पूजन की विधि की गई। आचार्यों ने उपनयन संस्कार के बारे में बताते हुए ब्रह्मचर्य का महत्व बताया और गायत्री मंत्र के साथ ही दीक्षा दी। इस अवसर पर बटुकों की शिक्षा के लिए काशी गमन की विधि हुई। पंडाल में एक साथ 27 बटुकों का संस्कार कार्यक्रम और वैदिक मंत्रचार आकर्षण का केंद्र रहा। शिक्षा ग्रहण पश्चात वापस आने पर बटुकों के परिजन ने उनका स्वागत किया,बटुकों ने भी भिक्षाम देही..के स्वर के साथ गुरु शिष्य परंपरा के तहत भिक्षा भी मांगी। इसमें उनके परिजन और समाज ने उन्हें नए



वस्त्र और अन्य उपहार भेंट किए। आचार्यों ने बतलाया कि सभी संस्कारों में उपनयन संस्कार सबसे महत्वपूर्ण होता है,इससे जीवन में अनुशासन आता है और धर्म की शिक्षा भी मिलती है। आचार्यों का साथ अन्य पंडितो ने दिया। इस दौरान ब्राह्मण समाज कोरिया के अध्यक्ष बृज नारायण मिश्रा ने बटुकों को शुभकामनाएं एवं परिजन को धन्यवाद देते हुए कहा कि वैदिक धर्म में यज्ञपोवित दशम संस्कार है,इस संस्कार में बटुक को गयंत्री मंत्र की दीक्षा दी जाती है और यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है,यज्ञोपवीत का अर्थ है यज्ञ के समीप या गुरु के समीप आना। यज्ञोपवीत एक तरह से बालक को यज्ञ करने का अधिकार देता है। शिक्षा ग्रहण करने से पहले यानी गुरु के आश्रम में भेजने से पहले बच्चे का यज्ञोपवीत किया जाता था,भगवान रामचन्द्र तथा कृष्ण का भी गुरुकुल भेजने से पहले यज्ञोपवीत संस्कार हुआ था। श्री मिश्रा ने कहा कि कालांतर से इस संस्कार का विशेष महत्व है,हालांकि तात्कालीन समय में वर्ण व्यवस्था उपनयन संस्कार से निर्धारित किया जाता था ऐसा कहा जाता है कि जब बालक ज्ञान हासिल करने योग्य हो जाए तब सर्वप्रथम उपनयन संस्कार करना चाहिए। ब्राह्मण समाज कोरिया के सचिव योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि समाज द्वारा पिछले वर्ष से उपनयन संस्कार कराया जा रहा है, जिसमें परिजन को इस संस्कार के लिए अतिरिक्त खर्च वहन नहीं करना पड़ता,समाज के द्वारा आपसी सहयोग से उक्त आयोजन किया जा रहा है,इससे विप्र परिवार को लाभ मिल रहा है। जबकि व्यक्तिगत तौर पर उपनयन संस्कार करने में एक बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। अधिक खर्च से बटुकों के परिजन को मुक्त रखने के लिए ब्राह्मण समाज कोरिया के द्वारा लगातार दूसरे वर्ष उपनयन संस्कार आयोजित किया गया जहां मामूली खर्च पर भोजन आदि की व्यवस्था के साथ वैदिक विधान से संस्कार संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर समाज के संरक्षक रविशंकर शर्मा, जय नाथ बाजपेयी,वेदांती तिवारी, केडी त्रिपाठी, अखिलेश मिश्रा, बीके पांडेय, एस एस दुबे,नरेश तिवारी, कौशलेंद्र त्रिपाठी,ध्रुवनाथ तिवारी, शैलेंद्र शर्मा, सत्यप्रकाश तिवारी,नितिन शर्मा,राजीव पाठक, प्रमोद अवस्थी,शंभू दयाल शुक्ला,रामसागर तिवारी, चंद्र शेखर अवस्थी,रामप्रकाश तिवारी,रुद्र मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी,शिब्बू मिश्रा,राहुल मिश्रा, विवेकानंद पांडेय, अभिषेक द्विवेदी,विवेकानंद चौबे, देवव्रत पांडेय,करुणा त्रिपाठी,रूपेश तिवारी,राघवेंद्र तिवारी, अनुराग दुबे,विकास शुक्ला, हिमांशु अवस्थी,महिला इकाई जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना शर्मा, अनिल मिश्रा,अवनीश मिश्रा, सरोज पांडेय, बालेंद्र मिश्रा,सत्यनारायण मिश्रा,जितेंद्र पांडेय, सुनील दुबे, विकास चौबे,निलेश पांडेय,रविशंकर पांडेय गुड्डा,भोलू चौबे,प्रदीप द्विवेदी,रामनरेश समेत बड़ी संख्या में विप्र शामिल हुए।

# बिना काम के वेतन लेने वाले सीएचसी के रेडियोग्राफर को नोटिस थमाया सीएमएचओ ने

## 16 अप्रैल को तरूण छत्तीसगढ़ ने प्रकाशित की थी खबर

**स्थानीय संवाददाता**

**कोरबा।** पौडी उपरौड़ा के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर मैं पदस्थ एक रेडियोग्राफर की कार्यशेली पर उंगली उठने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। बिना काम के वेतन लेने और दूसरे व्यक्ति को कथित रूप से अपना काम करने देने की कृत्य को विभाग ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में रेडियोग्राफर को 24 घंटे के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है।

कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लिया है। दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ में सबसे पहले 16 अप्रैल को यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग किस संज्ञान में लाई थी। इसमें बताया गया था कि लंबे समय से सूरज मणि नीलम रेडियोग्राफर के पद पर भले ही इस स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है लेकिन अपने काम करने में रुचि नहीं है। अस्पताल के कर्मचारियों के अलावा जीवनदीप समिति के सदस्यों व अन्य लोगों ने उनकी उपस्थिति के बारे में अनभिज्ञता जताई थी।

सबसे हैरान करने वाली बात यह सामने आई थी कि जब सूचना के अधिकार से जानकारी हासिल की गई तो पता चला कि उपस्थिति पंजी में चालबाजी करते हुए इस वरिष्ठ रेडियोग्राफर का नाम अंतिम सीरियल पर लिख दिया गया ताकि सुविधा के अनुसार हिसाब किताब हो सके। बताया गया था कि महीने में लगातार गोल करने के बाद अंतिम दिवस के आसपास उनकी उपस्थिति अस्पताल में होती है और फिर वह पूरे दिन का अटेंडेंस लगा देती है चाहे उसे दिन रविवार या अन्य कोई अवकाश क्यों ना हो। इस प्रमाण के साथ प्रकाशित किया गया और इस मामले में सरकार के ध्यान में इस बात को में लाया गया कि बिना किसी कामकाज के यह कर्मचारी वेतन प्राप्त कर रही है। अपने बचाव के लिए किसी अपात्र व्यक्ति को अपने हिस्से का काम करने के लिए अनाधिकृत रूप से मौके पर रखे जाने की बात भी सामने आई।

सीएमएचओ ने इस मामले को गंभीरता से लेने के साथ रेडियोग्राफर सूरजमनी को नोटिस जारी किया है और 24 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है। खबर के मुताबिक मामले की जांच के लिए विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को अधिकृत किया गया है। पूरे मामले को प्रकाश में लाने वाले लोगों को इस बात का इंतजार है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी क्या नोटिस देने के बाद जवाब का इंतजार करेंगे या संबंधित तथ्यों के आधार पर भी अगली कार्रवाई करेंगे।

**कोरकोमा मामले में कार्रवाई नहीं**

इस तरह के सवाल इसलिए भी पूछे जा रहे हैं क्योंकि वर्ष 2023 के दिसंबर महीने में विकासखंड कोरबा अंतर्गत कोरकोमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा एमएल भारिया ने तृतीय श्रेणी कर्मचारी के साथ मारपीट की थी। कायाकल्प योजना की बैठक शनिवार को यहां रखी गई थी। अगले दिवस रविवार का अवकाश था। सोमवार को प्रथम कार्य दिवस पर सभा कक्ष से कुर्सी टेबल हटाने की बात को लेकर प्रभारी चिकित्सा ने कर्मचारियों पर दबाव बनाया। तृतीय श्रेणी कर्मचारी के द्वारा अपनी ड्यूटी नहीं होने का तर्क दिया गया जिसके बाद उससे मारपीट की गई। इस मामले में कोरबा के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के द्वारा जांच करने के साथ रिपोर्ट बहुत पहले सौपी जा चुकी है लेकिन उसके बावजूद अब तक जिले के अधिकारी ने इस दिशा में कोई कार्रवाई करने की जरूरत नहीं समझी है।

## एसईसीएल के शक्तिनगर के पास बोलेरो की टक्कर से एक की मौत



**कोरबा।** साउथ ईस्टन कोलफील्डस लिमिटेड के गेवरा क्षेत्र में जबरदस्त सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई,वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। दीपका पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को गेवरा के शक्ति चौक पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूवर्क वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार जुग्गीलाल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई वहीं एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है,जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है,कि जुग्गी लाल अपने ससुर को बाइक पर बिठाकर दीपका से शक्ती नगर जा रहा था,तभी हादसा हो गया है। घटना को अंजाम देने के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में बोलेरो चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# हसदेव में दो युवक डूबे, झोराघाट में मिला एक का शव



**कोरबा।** गर्मी के सीजन में नदी में नहाने के लिए पहुंचे एक परिवार के पांच सदस्यों को काफी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। हसदेव में बांगो बांध से छोड़ गये पानी के तेज बहाव में दो युवक डूब गये। इनमें से एक को बचा लिया गया, जबकि दूसरे की मौत हो गयी। मृतक विपिन दुबे निवासी राजीवनगर का शव बरामद कर लिया गया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आज सुबह 6 बजे के आसपास यह घटना हुई। बस स्टेण्ड के पास रहने वाले दुबे परिवार के 5 सदस्य पिकनीक और स्नान के उद्देश्य से 8 किमी दूर कोड़ाघाट गये हुए थे। इस क्षेत्र में हसदेव नदी का प्रवाह है। जानकारों का कहना है कि नदी में किसी भी वक्त जलस्तर बढ़ जाता है और इससे परेशानी हो जाती है। ग्रामीणों को इसका पता होता है, लेकिन शहरी क्षेत्र से आने वाला वर्ग इससे अनजान है। रविवार को ऐसा ही हुआ। बताया गया कि नदी में नहा रहे विपिन और उसके एक भाई अचानक छोड़े गये पानी के कारण मुसीबत में फंस गये। किसी तरह साथियों ने एक को नदी से निकाल लिया। जबकि विपिन उनके आंखों के सामने तेज बहाव में लापता हो गया। इस घटनाक्रम से हड़कम्प मंच गयी। आनन-फानन में पुलिस और रेस्क्यू टीम को अवगत कराया गया। कुछ देर के बाद यहां बचाव कार्य शुरू हुआ। 5 घंटे से भी अधिक समय के बाद सफलता मिली लेकिन विपिन को नहीं बचाया जा सका। छुरी के नजदीक झोराघाट में उसका शव मिला है। कटघोरा पुलिस ने 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है।

**एक वर्ष पहले हुई पिता की मौत**

जानकारी मिली की इस घटना में मृत युवक विपिन दुबे 23 वर्ष अपने परिवार के लिए आमदनी का माध्यम था। एक वर्ष पहले उसके पिता की मौत हो गयी थी। किसी तरह परिवार समहलने की कोशिश कर रहा था। इस बीच आज के घटनाक्रम में विपिन का जीवन समाप्त हो गया।

# नींद में उठा युवक छत से गिरकर घायल



**कोरबा।** कोनकोना गांव में पिछली रात हुई घटना में एक युवक छत से गिरकर घायल हो गया। निद्रा की स्थिति में यह घटना हुई। पीड़ित को सीएचसी पोड़ी उपरोड़ा में प्राथमिक चिकित्सा दी गई। अब उसका उपचार मंगलमविहार स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में चल रहा है।

जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर बांगों थाना के कोनकोना गांव में हुई इस घटना में 26 वर्षीय संजू श्याम पिता दलहरण श्याम घायल हो गया। वह कोरबा के सीएसईबी चौकी क्षेत्रांतर्गत कोहड़िया का निवासी है। कोनकोना में उसकी बुआ निवासरत है। युवक अपनी बहन के साथ एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने यहां आया हुआ था। मानिकपुर गांव में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कोनकोना लौटा। छत पर कई घंटे गुजारने के बाद लघुशंका के लिए लिए उठने के दौरान संजू श्याम छत से नीचे गिर पड़ा। सुबह 5 बजे के आसपास इस बारे में परिजनों को जानकारी हुई। परिवार के सदस्य जगतपाल ने बताया कि हमने उसे घायल स्थिति में देखा। सिर पर चोट होने की स्थिति में चिंतित किया। तत्काल पुलिस को जानकारी दी गई। जिसके बाद पीड़ित को सीएचसी पोड़ी उपरोड़ा ले जाया गया। अब उसका उपचार कोरबा में चल रहा है। बांगो थाना प्रभारी लक्ष्मण खुंटे ने बताया कि मामला सामान्य प्रकृ ति का है। परिजनों से जो जानकारी मिली है उसमें तथ्य स्पष्ट हुए है।

**पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध**



गर्मी के बढ़ने के साथ हर किसी की समस्याएं बढ़ रही है। इंसान अपने लिए पानी की व्यवस्था कर रहा है और साथ ही पक्षियों की चिंता भी कर रहा है। कई स्थानों उनके लिए मिट्‌टी के सकोरे रखे गये है।

## अजा विभाग जिलाध्यक्ष की बैठक

**कोरबा।** कांग्रेस अजा विभाग के जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे ने वार्डो का दौरा शुरू कर दी है। उनके द्वारा भैरवताल व बल्गी में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। उन्होनें कहा कि नगर पालिक निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में बैठक लेने के बाद वें गांव क्षेत्र में जाकर बैठक लेगे।

## पुलिस रही चौकस

**कोरबा।** शहर में लोकसभा चुनाव के दौरान जगह-जगह हो रही चुनावी सभाओं को देखते हुए जिले के पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस कर्मचारी चौकसी के साथ लगे रहे।

# योगाभ्यास करने के साथ इनसे होने वाले लाभ को जाना लोगों ने कार्यक्रम में



**कोरबा।** भारतीय योग संस्थान ने अपने स्थापना के 58वें वर्ष पूर्ण कर लिए है। योग संस्थान ने रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया। संत कंवरराम उद्यान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने योगाभ्यास भी किया।

संत कंवर राम उद्यान में रविवार को योग पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय योग संस्थान के 58वें वर्ष पूर्ण होने के मौके पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। 1967 को संस्थान की स्थापना हुई थी,जिसके बाद से ही यह संस्थान लगातार लोगों को योग की शिक्षा दे रहा है। भारतीय योग संस्थान कोरबा की प्रमुख श्रीमती आभा अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था 58 वर्ष से निरंतर योग के जरिए लोगों की सेवा करती आ रही है। अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पत्रकार कमलेश यादव और पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष किशनलाल दावड़ा द्वारा लोगों को योग की महत्ता समझाई गई और बताया गया,कि योग किस तरह आपके जीवन में परिवर्तन ला सकता है।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रुप से योगाभ्यास भी किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी हिस्सेदारी निभाई। पारुल ने योग की विभिन्न मुद्राओं का ऐसा प्रदर्शन किया कि लोग वाह-वाह कह उठे क्लिप योग को समर्पित इस कार्यक्रम में अग्रवाल सभा कोरबा के पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया राजकुमार अग्रवाल भोजराम राजवाड़े समेत अन्य लोगों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## योगी की सभा लोगों में उत्साह



**कोरबा।** सीएसईबी मैदान में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा आज है। इसके लिए भाजपा ने तैयारी की है। दोपहर 12 बजे के बाद ही सभा स्थल पर लोगों की पहुंच शुरू हो गई। महिलाओं और युवाओं की संख्या इसमें ज्यादा है। लोकसभा चुनाव के अंतर्गत कोरबा लोकसभा क्षेत्र में योगी का यह पहला कार्यक्रम है। 07 मई को जिले को मतदान होना है। इससे पहले कई और स्टार प्रचारक जनसमर्थन के लिए यहां पहुंच सकते हैं।

## श्रमिक क्लबों के रखरखाव पर जोर

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में श्रमिक क्लबों का जीर्णोद्वार कराया गया है अब उसके रखरखाव पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। शादी विवाह के कार्यक्रम इन दिनों ज्यादा हो रहे है। कार्यक्रम होने के बाद कचरों का जमावरा क्लब में लगा रहता है। इस संबंध में जीआरसी क्लब में मनोज कटेलिया ने बताया कि क्लब में जीर्णोद्वार कराया गया है कोयला कामगारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। मानिकपुर मनोरंजन क्लब के मिनीलाल भूषण नारंगे व रामलाल साहू ने बताया कि क्लब के चारो ओर बाउड्रीवॉल का निर्माण कराया गया है। मार्ग पर टाईस भी लगया गया है। सीआरसी क्लब के संजय शर्मा धनश्याम पाटले व सेमराम यादव का कहना है कि क्लब में साफ-सफाई को लेकर नई कमेटी काफी गंभीर है। यहां के सदस्यों को गिफ्ट भी दिए गए है। पंप हाउस श्रमिक क्लब के धनाराम कर्ष, विजय महंत, रवि राठौर व गिरीवर राठौर ने बताया कि क्लब में लगातार कार्यक्रम चल रहे है। यहां जिनते भी कुलर लगे है उनकी साफ-सफाई करायी गई है। नई समिति सुझावाओं के आधार पर काम कर रहा है।

## कोल कामगारों को केन्द्रीय कर्मशाला में दो संडे ड्यूटी

**कोरबा।** एसईसीएल केन्द्रीय कर्मशाला गेवरा व कोरबा में कार्यरत कर्मचारियों अब तक एक संडे ड्यूटी ही दिया जा रहा था। कम बजट की बात कह कर मुख्यालय को दूसरे संडे ड्यूटी का बजट बनाकर भेजा गया था। कल यूनियन प्रतिनिधियों ने गेवरा प्रबंधन से मुलाकात की और आज दूसरा संडे ड्यूटी चालू हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल गेवरा व कोरबा के केन्द्रीय कर्मशाला में कार्यरत कामगारों को काफी लंबे समय से दो संडे ड्यूटी दिया जा रहा था। बाद में बजट कम होने की बात कहकर एक संडे ड्यूटी में कटौती कर दी गई थी। संडेड्यूटी में कटौती किए जाने पर यूनियन प्रतिनिधि लगातार दबाव बना रहे थे। दबाव के चलते प्रबंधन के द्वारा बजट बढ़ापे का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था। कोयला कामगारों को जब खबर हुई कि बजट बढ़ाकर भेज दिया गया है। तक कल युनियन प्रतिनिधि विकास शुक्ला, बीएल खुटे, हमराज राव, महावीर साहू ने गेवरा प्रबंधन से मुलाकात की और आज गेवरा में दूसरा संडे ड्यूटी चालू कर दिया गया। अब यहां के कामगारों को महीने में दो संडे ड्यूटी मिलेगा। इधर कोरबा केन्द्रीय कर्मशाला के यूनियन प्रतिनिधि दिलीप सिंह, राजेश पाण्डेय, भागवत साहू, संतोष टंडन,राजेन्द्र यादव प्रबंधन से मुलाकात करेंगे। इनका कहना है कि उन्हें अब तक इस महीने में एक संडे ड्यूटी ही मिला है। दूसरा संडे ड्यूटी के लिए प्रबंधन से मुलाकात की जाएगी।

## पांच नंबर क्रेशर में पानी छिड़काव की मांग

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर स्थित पांच नंबर क्रेशर में लगातार काम होने से काफी धूल उड़रहा है। और यह धूल कालोनी में प्रवेश करने लोग परेशान हो गए । बीकेकेएमएस के संजय सिंह नलीन पवार व मिनीलाल ने बताया कि उड़ रहे धूल के चलते बीमारी फैलने की आशंका है। अत्याधिक मात्रा में पानी छिड़काव किए जाने की जरूरत है। इसके लिए प्रबंधन से मुलाकात कर पानी छिड़काव कराने की गुहार लगाई जाएगी।

# सामूहिक प्रयासों से संवारा लोगों ने पोड़ीबहार तालाब को

### चैत्र पूर्णिमा को बड़ी संख्या में दीप दान की बनाई योजना




**कोरबा।** अच्छे मन से कोशिश करने के नतीजे भी काफी अच्छे आते हैं। कोरबा में पौडीबहार के सार्वजनिक तालाब की स्थिति को पहले की तुलना में बेहतर सिर्फ इसलिए किया जा सका क्योंकि बहुत सारे लोगों ने इस पर चिंता जताई और काम भी किया। इसकी स्थिति अच्छी होने पर अब चैत्र पूर्णिमा को यहां उत्सव मनाया जाएगा।

संकल्प से सिद्धि। यह स्लोगन आपने जरूर सुना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में इस पर काम किया गया और उम्मीद से कहीं अच्छे परिणाम भी प्राप्त किए गए। धीरे-धीरे लोगों के मस्तिष्क में यह बात घर कर गई और उन्होंने अपने आसपास के क्षेत्र की स्थिति को बेहतर करने के लिए इसे एक माध्यम मान लिया। औद्योगिक नगर कोरबा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 29 में स्थित पौडीबहार के सार्वजनिक तालाब की दशा काफी समय से आसपास के लोगों को परेशान करती रही। कई अवसर पर श्रमदान करने के बाद भी यहां हालात जस के तस रहे। ऐसे में सामाजिक और धार्मिक कामकाज के लिए यह तालाब उपयोगी साबित नहीं हो पा रहा था। ऐसे में डॉक्टर राजेश राठौड़ ने अपने आसपास के लोगों को यहां की सफाई के लिए तैयार किया। लगातार कोशिश से अब तालाब अच्छी स्थिति में आ गया है और यह परिवर्तन साफ नजर आ रहा है। आने वाले दिनों में इसे और भी अच्छा करने के लिए कोशिश की जानी है। हर हाल में तालाब उपयोग के लायक रहे इसके लिए कामकाज करने हैं। सरोवर को धरोहर के रूप में स्वीकार करने के इरादे से ही हनुमान प्राकट्य उत्सव चैत्र पूर्णिमा को यहां पर 5100 दीपक प्रज्वलित करने की योजना बनाई गई है। बड़े कार्यो के लिए निश्चित तौर पर सरकारी और कॉरपोरेट सेक्टर की मदद जरूरी हो जाती हैं और तब कहीं जाकर अपेक्षा के अनुरूप नतीजे प्राप्त हो पाते हैं। लेकिन इसके लिए जो प्रक्रियाएं होती हैं उनमें काफी समय जय होता है और कई मौके पर उम्मीद टूट भी जाती है। ऐसे में लोगों को तात्कालिक तौर पर खुद होकर कोशिश करनी पड़ती है और बहुत कुछ त्याग भी करना पड़ता है। पौडीबहार तालाब के मामले में भी कुछ इसी तरह का काम लोगों की सोच से संभव होता नजर आ रहा है। लंबे समय तक तालाब की तस्वीर इसी प्रकार की रहे इसके लिए भी उपयोग करने वाले लोगों को गंभीरता दिखानी होगी

## स्कूल परिसर में शराबखोरी जारी

**कोरबा।** मुड़ापार के प्राथमिक और मिडिल स्कूल परिसर को अराजक तत्वों ने अपना सुरक्षित अड्डा बना लिया है। शाम ढलने के बाद उनका जमघट यहां होता है। कई घंटे गांजा और शराब पार्टी की जाती है। अगली सुबह स्कूल के बरामदें से लेकर आसपास के इलाके में शराब की बोतल से लेकर डिस्पोजल और अन्य चीजें मिलने से स्कूल का स्टाफ और बच्चे परेशान। बताया गया कि यह सिलसिला कई दिनों से चल रहा है। बताया गया कि स्कूल की सुरक्षा के लिए शिक्षा विभाग की ओर से बाउण्ड्रीवाल जरूर बनाई गयी है लेकिन शराबखोरों ने अपनी सुविधा के लिए आधार पंजीयन केंद्र के बगल की दीवार का कुछ हिस्सा तोड़







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com